

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार 14 अप्रैल 2025

तखतपुर ब्लाक के केकड़ार गांव स्थित वह बांध जिसमें तीन महीने पहले तक पानी भरा हुआ था और ऊंची लहरें उठ रही थी। गर्मी का धान लगाने वाले किसानों के ट्यूबवेल से पानी निकलना बंद हुआ तो इसमें सैकड़ों पावर पम्प लगा दिए गए और इसके पानी से खेतों की सिंचाई शुरू की गई। अब यह बांध 90 फीसदी सूख चुका है। इसके एक किनारे पर बचे पानी को अब भी किसान पावर पम्प से ले जा रहे हैं। फोटो : सूरज वैष्णव

# गर्मी के धान की 'भूख' ने सुखा दिया सौ एकड़ का बांध

## तखतपुर के केकड़ार बांध का हाल

## बांध में मोटर पंप लगाकर 18-18 घंटे हो रही पानी की सिंचाई

शरद पाण्डेय ⏭ बिलासपुर

अलग खबर

गर्मी में धान की अधिकाधिक पैदावार लेने की भूख में किसानों ने सौ एकड़ का बांध सुखा दिया। वैसे तो बांध 98 प्रतिशत तक सूख चुका है, लेकिन बांध में अब भी शेष दो प्रतिशत पानी से ग्रामीण निस्तारी कर रहे हैं। बांध में आधा दर्जन किसानों ने अपने-अपने मोटर पंप लगा रखे हैं। जिससे वे अपनी-अपनी फसल को हर हाल में जिंदा रखने के प्रयास में हैं। वह दिन दूर नहीं जब 18-18 घंटे बांध से पानी खींच रहे किसान बांध की अंतिम बूंद तक सुखा देंगे।

तखतपुर विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत केकड़ार स्थित बांध के हलक खुद सूखने की कगार पर हैं। यहां बांध के चारों ओर स्थित किसानों ने अपने-अपने खेतों में धान की फसल लगा रखी है। ये सभी वे किसान हैं, जिनके खेतों के बड़े-बड़े चक हैं, और सभी में फसल की सिंचाई के लिए स्वयं के बोर स्थापित हैं। इसके विपरीत वर्तमान में पड़ रही भीषण गर्मी के कारण भू-जल स्तर काफी नीचे चले जाने के कारण ज्यादातर किसानों के बोर या तो सूख चुके हैं, या फिर पानी की पूर्ति नहीं के बराबर हो पा रही है। ऐसी हालत में अपनी धान की फसल को हरा व जिंदा रखने के लिए किसानों ने केकड़ार बांध से पानी लेना शुरू किया है। चूंकि धान की फसल को सिंचाई के लिए भरपूर पानी चाहिए होता है, इसलिए हर किसान अपने खेतों में बांध से मोटर पंप की मदद से घंटों पानी खींच रहा है। हालत यह है कि बांध के चारों ओर करीब आधा दर्जन मोटर पंप लगे हुए हैं, जो लपेटा पाईप की मदद से किसान के खेतों तक पानी पहुंचा रहे हैं।



बांध सूखने के बाद मिट्टी में आ गई दरारें।



बांध के बचे पानी को ले जाने लगाए गए पंप व पाइप।

वर्तमान में बांध लगभग पूरी तरह सूखने की स्थिति में पहुंच चुका है, जबकि अभी गर्मी का मौसम दो महीने शेष है। बांध में अभी उपलब्ध कुछ पानी का उपयोग केकड़ार सहित आसपास के ग्रामीण नहाने व अन्य निस्तारी के लिए कर रहे हैं। इसी तरह केकड़ार व अन्य गांवों के पालतू पशु-पक्षियों के लिए भी यह पेयजल के रूप में उपयोग में लाया जा रहा है। बांध में आज की स्थिति में उपलब्ध नाममात्र पानी भी कब तक शेष रह पाता है, यह कहना मुश्किल है, क्योंकि जिस तरह किसान फसल बचाने की भूख में मौके में धूप में भी खड़े होकर बांध से पानी खींच रहे है, उससे लगता है कि बांध में पानी की अंतिम बूंद की उपलब्धता तक भी वे अपनी धान की फसल बचाने इसका दोहन करते रहेंगे।



बांध में लगाए गए किसानों के पावर पंप।

### 11 हजार हेक्टेयर में लगा गर्मी का धान

सरकार व कृषि विभाग की लाख समझाईश के बाद भी जिले के किसानों में गर्मी में धान की फसल लगाने का मोह नहीं छूट रहा है। आंकड़ों की बात करें तो जिले में इस वर्ष 11 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में किसानों ने गर्मी का धान लगाया है। कृषि विभाग द्वारा किसानों को कम पानी में बेहतर उत्पादन देने वाली फसल जैसे मक्का व अरहर जैसी फसल लेने की समझाईश दी जाती है, लेकिन किसान फिर भी धान के पीछे ही भाग रहे हैं।

### इसलिए नहीं छूट रहा मोह

गर्मी में धान की फसल ज्यादातर वे किसान लेते हैं, जिनके पास सिंचाई के स्वयं के साधन हैं। गर्मी में धान लेने का एकमात्र उद्देश्य यह है इस दौरान तेज धूप होने के कारण फसल में किसी भी प्रकार की बीमारी नहीं होती। बीमारी नहीं होने के कारण किसानों का दवा पर होने वाला खर्च पूरी तरह बच जाता है। इसके साथ ही गर्मी में धान का उत्पादन भी भरपूर मिलता है। यही कारण है कि किसान गर्मी में धान की फसल लेने का मोह नहीं छोड़ पा रहे हैं।

### फसल में प्रतिबंध नहीं है

गर्मी में धान की फसल नहीं लेने संबंधी किसी प्रकार का प्रतिबंध नहीं है। सिंचाई के लिए पानी की अनुपलब्धता को ध्यान में रखते हुए किसानों को धान की फसल न लेने की सलाह दी जाती है। इसके बाद भी यदि वे धान लगाना चाहें तो स्वतंत्र हैं।

**- पीडी हथेश्वर**, डीडीए एग्रीकल्चर



हजारों फीट दूर तक ले जाया जा रहा बांध का पानी।

## एनएचएम कर्मचारी संघ के प्रांतीय महासम्मेलन में शामिल होंगे तोखन कल

**बिलासपुर।** छग प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ का प्रांतीय सम्मेलन 15 अप्रैल को स्व. लखीराम अग्रवाल आडिटोरियम में किया जा रहा है। जिसमें छग प्रदेश के सभी जिलों से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारी शामिल होंगे। प्रांताध्यक्ष श्याम मोहन दुबे ने बताया कि इस सम्मेलन में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक अमर अग्रवाल, धरमलाल कौशिक, धर्मजीत सिंह, सुशांत शुक्ला आदि अतिथि होंगे। आयोजन को सफल बनाने में मुकेश अग्रवाल, प्रशांत शर्मा, डा. नवीन कौशिक, प्रमोद पटेल, अंशुमान तिवारी, संजय सिंह, रोशन साहू, राजकुमार यादव, जीवन महंत, सौरभ शर्मा, हरिश पटेल, रोशन पैकरा, श्वेता सिंह, कल्पना सोनी, अनामिका यादव आदि अपनी सहभागिता प्रदान कर रहे हैं।



## परिजन ने अस्पताल में मचाया हंगामा, लापरवाही का आरोप

# छत से गिरने के बाद घायल युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रात में छत से गिरने से घायल युवक को सिम्स लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस पर युवक के परिजन ने हंगामा मचाते हुए दुबारा डॉक्टर को बुलाकर चेक करने की मांग की, अनन-फानन में युवक को आईसीयू में भेजा गया, लेकिन वहां भी युवक को मृत ही घोषित किया गया। परिजनों का आरोप है कि सिम्स में एक घंटा तक युवक को सही इलाज नहीं मिला, जिसके कारण उसकी जान गई है। पोस्टमार्टम के दौरान भी युवक के परिजनों और दोस्तों ने हंगामा मचाया।

जानकारी के अनुसार 20 वर्षीय युवक सुमित यादव शनिवार की रात अपने घर की छत पर सो रहा था। रात करीब 3 बजे उठने के दौरान नीचे गिर गया। सुबह 8 बजे परिजनों ने उसे गंभीर हालत में देखा और वे उसे सिम्स ले गए। इस दौरान इमरजेंसी वार्ड में मौजूद डॉक्टर और स्टाफ ने तत्काल ही युवक को मृत घोषित कर दिया। स्टाफ के द्वारा परिजनों को शव ले जाने के लिए कहा गया। इस दौरान करीब आधे से घंटे तक युवक का शव इमरजेंसी वार्ड के बाहर ही रख रहा। इसी बीच युवक के परिजन ने डाक्टरों को शरीर में हलचल होने की सूचना दी, परिजनों के दबाव में डॉक्टर ने उसे आईसीयू रेफर कर दिया, आईसीयू में जांच करने पर युवक मृत पाया गया। परिजनों का आरोप है कि सिम्स में मौजूद इंचार्ज डॉक्टर ने युवक के इलाज में गंभीर लापरवाही बरती है। जिसके कारण उसकी मौत हो गई है। इसे लेकर पीएम करने से पहले परिजन और दोस्तों में हंगामा मचाया और कार्रवाई की मांग की। इस दौरान परिजनों को शांत करने सिम्स चौकी से बल और प्रभारी अधीक्षक डॉ. एआर बेन मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाया इसके बाद मामला शांत कराया गया।





अस्पताल में हंगामा मचाते परिजन व इनसेट में मृतक।



जांच करते डाक्टर।

### पीएम कराया गया

मौत के बाद भी बॉडी में कुछ समय के लिए हलचल होती है, यह एक स्वाभाविक प्रक्रिया है शायद इसे ही लेकर परिजनों को डाउट हुआ होगा, लेकिन मृतक की जांच की गई थी, जिसमें उसके ब्राड डेट होने की पुष्टि हुई है। परिजनों को इस संबंध में समझाया गया। पीएम कराया गया है।

**- डॉ. एआर बेन,** प्रभारी अधीक्षक

## सुहाना हुआ मौसम, न्यूनतम तापमान बढ़ा

# दोपहर बाद आसमान पर छाए बादल, चली तेज हवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में रविवार का मौसम दोपहर बाद सुहाना हो गया था। आसमान में बादल छाए थे और तेज हवाएं भी चलने लगी थी। हवाओं में ठंडक होने की वजह से लोगों को राहत महसूस हुई। इधर एक ओर जहां अधिकतम तापमान में दो डिग्री की गिरावट दर्ज की गई, वहीं रात का तापमान बीते दिन की तुलना में एक डिग्री बढ़ गया, जिससे रात में उमस महसूस की गई।

दिन में तेज धूप से हलाकान शहरवासियों को दोपहर बाद आसमान में बादल छाने के कारण थोड़ी राहत महसूस हुई। इसके साथ ही शाम पांच बजे के बाद तेज हवाओं ने शहर के मौसम को खुशनुमा बना दिया। हवा में ठंडक होने के कारण लोगों को घर के बाहर व छतों में सुकून मिला। आमतौर पर पूरा दिन धूप रहने की स्थिति में शाम छह बजे के बाद भी गर्मी से राहत नहीं मिल पाती है, लेकिन रविवार को मौसम में ठंडक महसूस की गई। सिस्टम के असर के कारण शहर का अधिकतम तापमान दो डिग्री घटकर 38 डिग्री सेंटीग्रेड पर आ गया। इसके विपरीत न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हो गई। शहर में रविवार का न्यूनतम तापमान 24. 7 डिग्री सेंटीग्रेड दर्ज किया गया। इसी के चलते रात में मौसम में उमस व चिपचिपाहट महसूस की गई।

### आज बारिश की संभावना

मौसम में द्रोणिका के प्रभाव स्वरूप सोमवार को प्रदेश के कुछ स्थानों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई गई है। इस दौरान कहीं-कहीं तेज गर्जना के साथ ही तेज हवाओं का भी असर देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग द्वारा सिस्टम के प्रभाव के कारण अधिकतम तापमान में जहां गिरावट की संभावना बताई गई है, वहीं न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी की संभावना जाहिर की गई है।

13 APRIL- BSP-PG-2-0_Layout 1 4/14/2025 12:54 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### फल व्यापारियों के कारण सड़क पर लग रहा जाम



**बिलासपुर।** फल व्यापारियों के कारण सड़कों पर लगातार जाम लग रहा है। जिससे दो पहिया व चार पहिया वाहन चालकों के साथ ही पैदल चलने वालों को दिक्कतों को सामना करना पड़ रहा है। वहीं नगर निगम व यातायात के अधिकारी कार्रवाई करने से बच रहे हैं। नेहरू चौक शहर का सबसे व्यस्त चौराहा है। यहां से रायपुर, मुंगेली, रतनपुर सहित सीपत जाने के लिए यात्री बसों का परिचालन होता है। साथ ही बड़ी मात्रा में दो पहिया व चार पहिया वाहनों का भी आवागमन होता है। सड़क किनारे फल व चाय का ठेला लगा होने से सड़क काफी संकरी हो गई है। वहीं बस स्टॉपेज होने के कारण यात्री वाहनें रूकती है। यही वजह है कि यहां आए दिन जाम लगा रहता है। उधर, दूसरी तरफ नगर निगम व यातायात विभाग इन व्यापारियों पर कार्रवाई करने से बच रहे हैं।

### कल्याण बाग श्री दक्षिण मुखी बजरंगबली के जन्मोत्सव में पहुंचीं मेयर विधानी



**बिलासपुर।** कल्याण बाग राजकिशोर नगर में धूम धाम से मनाया गया श्री दक्षिण मुखी बजरंगबली का जन्मोत्सव। इस अवसर पर महापौर पूजा विधानी, अनिल टाह, संध्या तिवारी, जय बाधवानी ने बजरंग बली के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। सीता सोंथलिया ने भी सह परिवार श्री बजरंग बली के दर्शन किए। इस दौरान सुंदर कांड पाठ तथा सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ ने सभी वातावरण को भक्तिमय कर दिया था।

### बरई-चौरसिया समाज ने हनुमान जन्मोत्सव पर बांटे बूंदी के प्रसाद



**बिलासपुर।** विद्यानगर में बरई-चौरसिया समाज ने हनुमान जन्मोत्सव पर बूंदी व खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर सर्वप्रथम हनुमान जी की आरती की गई। प्रसाद वितरण कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष हनुमान प्रसाद थवाईत, रामजीलाल थवाईत, यशवंत थवाईत, शैलेंद्र थवाईत, अजय थवाईत, दत्तात्रय तम्बोली, दामो थवाईत, राजेश तम्बोली सहित महिला मंडल की डॉ. अर्चना तम्बोली, अनिता थवाईत, नंदनी थवाईत, किरण थवाईत, नीलू थवाईत, रेखा थवाईत, सुषमा थवाईत, जयंती थवाईत, रजनी तम्बोली, विद्या थवाईत, अंजनी प्रधान, सुनीला प्रधान, रंजीता तम्बोली, प्रतिमा चौरसिया, प्रीति चौरसिया, सरोज थवाईत, प्रीति थवाईत, शोभना थवाईत, सुनीता तम्बोली आदि शामिल रहीं।

### मिताली बनीं भारतीय बेसबॉल संघ की महासचिव



**बिलासपुर।** मिताली घोष को भारतीय बेसबाल संघ का महासचिव नियुक्त किया गया है। जानकारी के अनुसार 12 अप्रैल को भुवनेश्वर होटल रोजवुड में भारतीय बेसबॉल महासंघ का चुनाव कराया गया। इसमें छत्तीसगढ़ बेसबॉल संघ की महासचिव सुश्री मिताली घोष भारतीय बेसबॉल महासंघ की महासचिव चुनी गईं। भुवनेश्वर, ओडिशा के पंकज लोचन मोहंती अध्यक्ष चुने गए एवं हैदराबाद, तेलंगाना की श्वेता को कोषाध्यक्ष चुना गया। छत्तीसगढ़ बेसबॉल संघ की उपाध्यक्ष डॉ. कैरोलाइन सतूर को भारतीय बेसबॉल महासंघ की एग्जीक्यूटिव मेंबर चुना गया। ये हमारे बिलासपुर व छत्तीसगढ़ के लिए बहुत ही गौरव की बात है कि भारतीय बेसबॉल महासंघ में दो महिला अधिकारी को नियुक्त किया गया है। चुनाव के दौरान भारत के बेसबॉल फाउंडर पीसी भारद्वाज भी उपस्थित थे। छग बेसबॉल संघ के अध्यक्ष शैलेश पांडे ने इस उपलब्धि पर सुश्री मिताली घोष भारतीय बेसबॉल महासंघ की सेक्रेटरी जनरल एवं डॉ. कैरोलाइन सतूर को भारतीय बेसबॉल महासंघ की एग्जीक्यूटिव मेंबर बनने पर अपनी शुभकामनाएं दी है। इसके अलावा बिलासपुर बेसबॉल संघ ने भी अपनी प्रसन्नता व्यक्त की है।

### हज प्रशिक्षण शिविर मेमन सराय इमलीपारा में आज

**बिलासपुर।** हज यात्रियों के लिए जाने से पूर्व प्रशिक्षण शिविर 14 अप्रैल सोमवार को मेमन सराय हाल इमलीपारा में रखा गया है। इसमें देश के जाने माने हज प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण सुबह 9 बजे से शाम 4.30 बजे तक दिया जाएगा। आयोजकों ने हज यात्रियों से कहा है कि वे हज पर जाने से पहले इस अरकान को कैसे अदा करना है यह पहले सिख कर व समझकर जाए। अधिक जानकारी के लिए आयोजन समिति के सदस्यों से संपर्क कर सकते हैं।

### एनईपी के तहत सेमेस्टर परीक्षा फार्म 15 से भरे जाएंगे

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति अंतर्गत सत्र 2024-25 के लिए स्नातक द्वितीय सेमेस्टर के लिए आनलाइन परीक्षा फार्म 15 अप्रैल से भराए जाएंगे। अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी ने परीक्षा फार्म भराए जाने अधिसूचना जारी कर दी है। वर्तमान में स्नातक द्वितीय सेमेस्टर वाले छात्र-छात्राओं की कक्षाएं लग रही हैं। वहीं दूसरी तरफ स्नातक सेकंड ईयर व फाइनल ईयर की वार्षिक परीक्षा भी चल रही है। परीक्षा के दौरान ही स्नातक द्वितीय सेमेस्टर की कक्षाएं भी उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश पर कालेजों में लगाई जा रही है।

---

**नीलामी की तैयारी जोरों पर** शराब तस्करी मामले में राजसात वाहनों की शीघ्र होगी नीलामी

# एनडीपीएस : राजसात 14 वाहन बेचे गए, 42 की और होगी नीलामी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पुलिस विभाग द्वारा कोर्ट के आदेश पर एनडीपीएस मामले में राजसात 14 वाहनों की नीलामी की है। उक्त सभी वाहनों की बिक्री 3 लाख 97 हजार रुपए में की गई है। इधर शराब तस्करी मामले में राजसात लगभग 42 वाहनों के नीलामी की तैयारी जोरों से की जा रही है।

पुलिस विभाग लगातार अभियान चलाकर गांजा, ड्रग्स, नशीले दवाई बेचने व सप्लाई करने वालों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई करने में जुटी हुई है। तस्करों द्वारा नशीले पदार्थ की सप्लाई जिन वाहनों पर किया जाता है, उक्त वाहनों को जब्त कर राजसात करने लिए पृथक से प्रकरण बनाकर कोर्ट में पेश किया जाता है। कोर्ट से एनडीपीएस एक्ट के मामले में जब्त 14 वाहनों को राजसात करने का आदेश दिया गया था। उसके बाद एसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर उक्त राजसात वाहनों के नीलामी करने का आदेश दिया गया। पुलिस विभाग द्वारा वाहनों की नीलामी करने की जानकारी सेंट्रल के वेबसाइड में अपलोड किया गया। बताया जाता है कि राजसात 14 वाहन 3 लाख 97 हजार रुपए में बिक चुकी है। इसमें चार पहिया लग्जरी कार व बाइक शामिल है। राजसात वाहनों को खरीदी करने वाले संबंधित थाने से वाहन लेकर जाएंगे।

#### अब आबकारी विभाग के वाहन बिकेंगे

बड़ी संख्या में वाहनों से शराब की तस्करी की जाती है। पुलिस शराब के साथ तस्करों को पकड़कर उसमें प्रयुक्त वाहनों को जब्त कर लेती है। उसके बाद एसपी के माध्यम से वाहनों को राजसात करने कलेक्टर के समक्ष प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाता है। कलेक्टर ने शराब तस्करी में पकड़े गए 42 वाहनों को राजसात करने का आदेश जारी कर दिया है। उक्त राजसात वाहनों को नीलामी करने कमेटी का गठन किया जा रहा है। टीम के द्वारा वाहनों को मूल्य निर्धारण किया जाएगा। उसके बाद वाहनों की नीलामी की जाएगी। खबर है कि शीघ्र ही उक्त वाहनों की नीलामी हो जाएगी।

#### कई वाहन सुपुर्दनामा में

मजेदारबात यह है कि एनडीपी एक्ट मामले में राजसात वाहनों की नीलामी कर दी गई है। किन्तु उसमें से कई वाहन पहले से सुपुर्दनामा में वाहन मालिकों को हो चुका है। अब उक्त वाहनों को जब्त करने मालिकों को खोजने में पुलिसकर्मियों को पसीना बहाना पड़ रहा है।

#### की गई वाहनों की नीलामी

कोर्ट के आदेश पर एनडीपी एक्ट मामले में जब्त राजसात 14 वाहनों की 3 लाख 97 हजार रुपए में नीलामी कर दिया गया है। शीघ्र ही आबकारी मामले में जब्त राजसात लगभग 42 वाहनों की नीलामी की जाएगी।

**-राजेन्द्र जायसवाल**, एडीशनल एसपी

---

शासन से मांगी गई राशि, चारों ओर बनेगी बाउंड्रीवाल और बच्चों के खेलने के लिए बनेगा गार्डन

# तीन करोड़ रुपए खर्च कर जर्जर हो चुकी स्मृति वाटिका का किया जाएगा उद्धार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जर्जर हो रही स्मृति वाटिका का उद्धार करने के लिए तीन करोड़ रुपए का बजट शासन से मांगा गया है। इस राशि से चारों ओर बाउंड्रीवाल बनाने के अलावा बच्चों के खेलने के लिए गार्डर और झूले व अन्य कार्य किए जाएंगे।

बिलासपुर वन मंडल से कानन पेण्डारी जू और स्मृति वाटिका अचानकमार अमरकंटक बायोस्फियर रिजर्व की जिम्मेदारी में आ गया है। सकरी से करीब दो किलोमीटर की दूरी पर 36 एकड़ से अधिक क्षेत्र में स्मृति वाटिका का निर्माण इसलिए किया गया था, ताकि लोग अपने पूर्वजों की याद में पौधे लगा सकें। इसके लिए लोगों से मेंटनेंस के नाम पर 500 से 1000 रुपए भी लिए जाते थे। जिस स्थान पर पूर्वजों के नाम पर पौधे लगते थे, उस स्थान पर उनके नाम के बोर्ड भी लगाए जाते थे। शुरुआत में पूर्व मुख्यमंत्री अजीत प्रमोद कुमार जोगी के अलावा शासकीय अफसरों के नाम के बोर्ड और पौधे वाटिका में लगाए गए थे। स्मृति वाटिका को बनाने का मुख्य उद्देश्य था कि कानन पेण्डारी जू में भ्रमण के लिए पहुंचने वाले सैलानी वाटिका का भ्रमण कर पिकनिक मना सके। वाटिका बनने के 6 माह तक भ्रमण करने वाले सैलानियों की काफी भीड़ भी होती थी, लेकिन धीरे-धीरे सैलानियों का रूझान कम होता गया। वहीं 36 एकड़ की भूमि 20 एकड़ में सिमट गई। वर्तमान में स्मृति वाटिका की स्थिति इतनी अधिक खराब हो चुकी है कि सैलानी अगर भ्रमण के लिए पहुंचते हैं तो उन्हें पीने का पानी तो दूर बैठने के लिए जगह भी नहीं मिल पाती है।



स्मृति वाटिका की जमीन पर खुलेआम किया जा रहा कब्जा।

#### वन विभाग की जमीन पर कब्जा

स्मृति वाटिका से लेकर वन चेतना केन्द्र से लेकर कानन पेण्डारी जू के बीच बने अरण्यिका और अन्य सभी वन विभाग, सामाजिक वानिकी और अचानकमार टाइगर रिजर्व बायोस्फियर के अंतर्गत संचालित किए जा रहे हैं। इन सभी के प्रभारी भी अलग-अलग हैं। अरण्यिका सामाजिक वानिकी के अंडर में, कानन पेण्डारी जू बायोस्फियर के अंडर में और वन चेतना केन्द्र एवं स्मृति वाटिका की जिम्मेदारी बिलासपुर वन मंडल के पास है। स्मृति वाटिका से लेकर कानन पेण्डारी जू तक की जमीन को घेराबंदी करने के लिए सड़क के किनारे पोल और फेंसिंग लगाया गया है। वन चेतना केन्द्र के बनने के बाद इसे शादी ब्याह व अन्य कार्यों के लिए बिलासपुर वन मंडल किराए में दे रहा है। इसकी वजह से महल की तरह दिखने वाली बिल्डिंग के सामने लगे गेट के अगल बगल कुछ लोगों ने बांस बल्ली लगाकर अपनी दुकान चलाना शुरु कर दिया है। इसी तरह का हाल अब स्मृति वाटिका से लेकर कानन पेण्डारी जू के बीच भी होने लगा है। यहां आसपास रहने वाले लोग अपना धंधा पानी चलाने के लिए फेंसिंग को हटाकर दुकान लगाकर वन भूमि की जमीन को कब्जा करना शुरु कर दिए हैं। इसकी जानकारी होने के बाद भी विभाग के अफसर किसी तरह की कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

#### टूट चुके हैं जलाशय

कानन पेण्डारी के पहले बने स्मृति वाटिका की हालत काफी जर्जर हो चुकी है। जले और सूखे हुए पेड़-पौधों के अलावा चारों ओर बने जलाशय भी टूट-फूट गए हैं। यहां सबसे बड़ा आकर्षण झरना भी कई माह से बंद पड़ा हुआ है।

#### तोड़ दी गई बाउंड्रीवाल

स्मृति वाटिका को बनाने के बाद सुरक्षा करने के लिए चारों ओर लाखों रुपए के फेंसिंग और पोल की खरीदी कर लगाए गए थे जिसे असामाजिक तत्वों ने सुरक्षा के लिए लगाए गए फेंसिंग को तोड़ दिया है।

#### बनाया गया है प्रपोजल

वन चेतना केन्द्र के साथ स्मृति वाटिका को संवारने के लिए साढ़े तीन करोड़ रुपए का प्रपोजल बनाकर भेजा गया है, ताकि सैलानियों को यहां भी भ्रमण की सुविधा मिल सके। प्रपोजल के अनुसार बजट मिलने पर काम की शुरुआत कर दी जाएगी। इसके अलावा अगर सामने लोग कब्जा कर रहे हैं, तो उन्हें तत्काल खदेड़ने की भी कार्रवाई होगी।

**-सत्यदेव शर्मा**, डीएफओ, वन मंडल बिलासपुर

---

बिजनेस प्लस

## हरे-भरे वातावरण में आरएसआर अपार्टमेंट का आज होगा शुभारंभ

**बिलासपुर।** शहर के सबसे प्राइम लोकेशन और हरे-भरे वातावरण के बीच आरएसआर अपार्टमेंट का सोमवार को भव्य शुभारंभ किया जा रहा है। बाजपेयी बिल्डकॉन के अन्य प्रोजेक्ट पहले से ही लोगों को काफी पसंद आ रहे हैं। मेट्रो सिटी की तर्ज पर बनाएं गए इस अपार्टमेंट में सुरक्षा पर विशेष रूप से ध्यान दिया गया है। लोगों को बहुत ही कम बजट में यह अपार्टमेंट उपलब्ध कराया जा रहा है।

बाजपेयी बिल्डकॉन इंडिया प्रा. लिमिटेड और ऋतुराज स्टील प्रा. लिमिटेड द्वारा आरएसआर अपार्टमेंट का निर्माण किया गया है। इस शानदार आवासीय परियोजना का निर्माण उसलापुर रेलवे स्टेशन के समीप अल्का एवेन्यू पास किया गया है। इस प्रोजेक्ट का भव्य शुभारंभ 14 अप्रैल सोमवार को शाम 7 बजे फीता काटकर स्वदेश रिछारिया के हाथों और भव्य आयोजन के साथ किया जाएगा। यह प्रोजेक्ट का निर्माण स्व. रविशंकर रिछारिया की स्मृति में किया गया है, जो इसे एक भावनात्मक और प्रेरणादायक पहल बनाता है। आरएसआर अपार्टमेंट हर आम नागरिकों के लिए उनके सपनों का घर हो सकता है। यहां 48 आधुनिक 2 बीएचके फ्लैट्स उपलब्ध है, जिसकी कीमत 25 लाख से कम से शुरू है। साथ ही, ग्राहकों को 2.65 लाख तक की सरकारी सब्सिडी का लाभ भी मिल रहा है। परियोजना का बड़ा आकर्षण लोकेशन और खुला हरा भरा वातावरण है। ओपन स्पेस के साथ यह प्रोजेक्ट निवासियों को खुलापन, हरियाली और स्वच्छ वातावरण प्रदान करता है। नए बिलासपुर रेलवे स्टेशन के रूप में डेवलप होते उसलापुर रेलवे स्टेशन के समीप स्थित यह प्रोजेक्ट बेहतर कनेक्टिविटी और सुविधाओं से भरपूर है। शहर के अंदर निर्माणाधीन एकलौती मेगा रेसिडेंशियल सोसाइटी है। अल्का एवेन्यू में विभिन्न साइज के सीमित प्लॉट्स उपलब्ध है, जो 1600, 1760, 1815, 1980, 2520 और 3150 वर्गफुट तक हैं। जिसकी वजह से आस पास से लोग यहां मॉर्निंग वॉक करना बहुत पसंद करते हैं। बाजपेयी ग्रुप की विश्वसनीयता की गवाही 3000 प्लस संतुष्ट ग्राहक और पूर्व की सफल परियोजनाएं देती हैं। जैसे होटल ईस्ट पार्क, चंद्रा पार्क, पारिजात एक्सटेंशन, सिद्धिविनायक हाइट्स, बाजपेयी चेंबर्स, एचएन बाजपेयी टावर, परिजात हाइट्स, पारिजात कैसल, बाजपेयी कैसल, बाजपेयी पवेलियन, बाजपेयी एम्बेसी, जगन्नाथपुरम, रोहिणी विहार, एबी कैसल, वाइल्ड रिसोर्ट और क्लब रॉयल पार्क आदि हैं।



#### लाया जाएगा और प्रोजेक्ट

बाजपेयी बिल्डकॉन इंडिया प्रा. लिमिटेड के डायरेक्टर डॉ. विवेक बाजपेयी ने बताया कि शहरवासियों ने हमारे हर प्रोजेक्ट को काफी सराहा है। जिसके कारण हम आज सफलता के नए-नए सोपान तय कर रहे हैं। आधुनिक रूप से बनाए गए इस 2 बीएचके फ्लैट्स पर मेट्रो सिटी की तर्ज पर सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। आकर्षक लोकेशन, हरा-भरा वातावरण, चौड़ी सड़कें सहित सुरक्षा का बेहतर इंतजाम किया गया है। किफायती दाम पर उपलब्ध है, जिसे हर वर्ग के लोग आसानी से खरीद सके। आने वाले दिनों में हमारी कंपनी अन्य नए प्रोजेक्ट लाएगी।

---

## वन्यप्राणियों को बचा रहे गर्मी से, सीजेडए ने की सराहना

**बिलासपुर।** कानन पेण्डारी जू को मीडियम जू की मान्यता की जांच करने पहुंची सीजेडए की टीम ने विशेष रूप से भीषण गर्मी में वन्यप्राणियों को बचाने के लिए कूलर और अन्य व्यवस्था करने पर प्रबंधन की सराहना की। इस दौरान टीम के सदस्यों ने जांच कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए और शाम को वापस दिल्ली के लिए रवाना हो गए।

- कानन जू में मान्यता की जांच करने रविवार को पहुंची थी दो सदस्यीय टीम

कानन पेण्डारी पर्यटन केन्द्र को पहले मिनी जू में रखा गया था। मीडियम जू की मान्यता देने के लिए कानन प्रबंधन ने कई बार केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण नई दिल्ली को पत्र लिखा था। कानन पेण्डारी जू में सैलानियों के लिए पिकनिक स्पॉट के साथ बच्चों के लिए गार्डन, झूले सहित शाकाहारी और मांसाहारी वन्यप्राणियों के लिए अलग-अलग केज भी बनाए गए हैं। कानन जू में भ्रमण करने के लिए शहर और आसपास गांव के अलावा दूर-दूर से भी बड़ी संख्या में सैलानी पहुंचते हैं। जू में कई वन्यप्राणियों की



संख्या केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण नई दिल्ली की गाइड लाइन से अधिक है, जिसका अदान-प्रदान दूसरे जू में समय-समय पर किया जाता है। चार साल पहले बिलासपुर वन मंडल में शामिल कानन पेण्डारी मिनी जू को मीडियम जू का दर्जा सीजेडए ने प्रदान किया था। मान्यता प्रदान करने के बाद सीजेडए से कानन पेण्डारी जू को मिलने वाला बजट भी बढ़ा दिया गया। इसकी मान्यता की जांच करने के लिए प्रतिवर्ष सीजेडए की टीम के अलग-अलग सदस्य कानन पेण्डारी जू में पहुंचते हैं। इसी तरह रविवार को केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देश पर अनुसंधान संरक्षण गायामित्रा कलेक्टीव फेसिलिटी के निदेशक लक्ष्मी नरसिम्स आर और भूतपूर्व मेम्बर सेक्रेटरी डॉ. संजय कुमार शुक्ला कानन पेण्डारी जू में पहुंचे थे। दोनों सदस्यों ने सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक कानन पेण्डारी जू प्रबंधन की ओर से किए जा रहे वन्यप्राणी संरक्षण, प्रबंधन कार्यों का मूल्यांकन करने के साथ सैलानियों से चर्चा भी किया। सारे केज में भ्रमण के दौरान सदस्यों ने भीषण गर्मी में वन्यप्राणियों को बचाने के लिए कूलर, खस, ग्रीन शेड और स्प्रिंकलर से पानी का छिड़काव करने के कार्यों की सराहना की। शाम तक जांच पूरी करने के बाद उन्होंने आगामी वर्षों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश के साथ अतिशेष वन्यप्राणी होने पर अन्यत्र जू में विधिवत प्रक्रिया से अदान प्रदान करने सुझाव दिए। इस अवसर पर कानन पेण्डारी जू के डीएफओ यूआर गणेश, अधीक्षक बीएस राजपूत, रेंजर, डिप्टी रेंजर सहित अन्य स्टाफ भी मौजूद थे।

## लव जेहाद, धर्मांतरण,ध्वनि प्रदूषण को लेकर वंदे मातरम मित्र मंडल गृहमंत्री से मिला

**बिलासपुर।** वंदे मातरम मित्र मंडल का प्रतिनिधि मंडल रायपुर स्थित गृहमंत्री विजय शर्मा के आवास पर मिला एवं लव जेहाद धर्मांतरण के खिलाफ तत्काल प्रभावी कानून बनाने की मांग की।

मित्र मंडल ने गृह मंत्री को बताया कि धर्मांतरण छत्तीसगढ़ में एक नासूर बन चुका है, जिसका तत्काल इलाज जरूरी है। अन्यथा यह बीमारी छत्तीसगढ़ में वर्ग संघर्ष की स्थिति पैदा कर रही है, परिवार टूट रहे हैं, सद्भावना खंडित हो रही है। लव जेहाद में भोली भाली बच्चियों को फांसकर उनका दैहिक एवं मानसिक, आर्थिक शोषण भी हो रहा है। गृहमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि शीघ्र ही धर्मांतरण के खिलाफ देश का सबसे बड़ा कानून छग में आने वाला है जिसमें धर्मांतरण पर रोक लगेगी। लव जेहाद पर भी कार्रवाई करने आश्वस्त किया।मित्र मंडल ने मांग की कि उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार लाउड स्पीकर पर ध्वनि की मात्रा दिन में 55 डेसीबल एवं रात में 45 डेसीबल निर्धारित की जाए। हृदय रोग एवं अन्य रोग से पीड़ित लोगों को भी परेशानी होती है। गृहमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने निर्देशित किया। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र जैन, प्रदीप देशपांडे, जय सिंह चंदेल, सौरभ दुबे, राजीव कुमार रिछारिया, एसके जैन, सुनीता पाठक, पार्थो मुखर्जी, क्षमा सिंह, पीकेएस चंदेल थे। प्रतिनिधि मंडल ने गृह मंत्री को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया।




---

संगीत, कला, संस्कृति के क्षेत्र में कलाकारों को मिलेगा मंच

# सीवीआरयू और स्पिक मैके के बीच अनुबंध, मिलकर करेंगे काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डॉ. सी वी रमन विश्वविद्यालय एवं स्पिक मैके के बीच अनुबंध किया गया है। इस अनुबंध की औपचारिकता विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ अरविंद तिवारी और स्पिक मैके छत्तीसगढ़ के प्रदेश समन्वयक अजय श्रीवास्तव ने किया। अब संगीत, कला, संस्कृति के क्षेत्र में दोनों साथ मिलकर कार्य करेंगे।

विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ अरविंद कुमार तिवारी ने बताया कि डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय में संगीत, कला, संस्कृति को लेकर विशेष कार्य होते हैं। भारतीय ज्ञान परंपरा, संगीत, रायगढ़ कथक सहित अनेक भारतीय ज्ञान को सहेजने और परंपराओं को सहेजने का काम विश्वविद्यालय कर रहा है। इसके लिए उत्कृष्ट केंद्र भी बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि हम विधाओं को, ज्ञान को, परंपराओं को, भावी पीढ़ी तक आदर्श रूप में और मूल रूप में उन तक पहुंचाने के लिए संकल्पित हैं। जमीनी कलाकारों को मंच देने और उनकी प्रतिभाओं को उच्च स्तर तक पहुंचाने के लिए विश्वविद्यालय में रमन लोक कला महोत्सव, छत्तीसगढ़ी महोत्सव का आयोजन किया जाता है।



**समन्वय नियुक्त किए गए:** डॉ जयशंकर यादव एवं डॉ प्रकाश तिवारी को समन्वयक नियुक्त किया गया है। इस अनुबंध में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अरविंद तिवारी, आधार शिला विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती मधुलिका सिंह, साइंस महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक डॉ अनामिका शर्मा ललित कला विभाग के विभाग अध्यक्ष श्री प्रकाश तिवारी सहायक प्राध्यापक प्रियंका जैन उपस्थिति थे।

#### स्पिक मैके एक राष्ट्रीय संस्था: डॉ. अजय

स्पिक मैके प्रमुख डॉ अजय श्रीवास्तव ने कहा कि स्पिक मैके एक राष्ट्रीय संस्था है, जो जन मानस के बीच और खास तौर पे युवाओं के लिए भारतीय शास्त्रीय संगीत और संस्कृति को बढ़ावा देने हेतु कार्य करती है। इसका उद्देश्य छात्रों को भारत की सांस्कृतिक विरासत के बारे में अधिक जागरूक बनाना है। स्पिक मैके भारतीय युवाओं में प्रतिस्पर्धात्मक तनाव के बीच खोती जा रही शांति को फिर से जीवंत करने के लिए शास्त्रीय संगीत और नृत्य कार्यक्रम, लोक कला, क्लासिक सिनेमा स्क्रीनिंग आदि का आयोजन करता है ।

## नंबर प्लेट पर छेड़छाड़ करने वाले बख्शे नहीं जाएंगे

**बिलासपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के दिशा निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस यातायात रामगोपाल करियारे के मार्गदर्शन में नियमित रूप से यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कार्यवाही की जा रही है।



यातायात विभाग नंबर प्लेट पर छेड़छाड़ करने वाले वाहन चालकों पर कड़ी नजर रखी हुई है। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त किया जा रहा है।

दो पहिया वाहन चालक चालानी कार्यवाही से बचने यातायात नियमों का न सिर्फ उल्लंघन कर रहे हैं। कुछ वाहन चालक आईटीएमएस की आन लाइन चालानी कार्यवाही से बचने वाहनों के नंबर प्लेट में स्टीकर लगा रहे हैं या कुछ नंबरों को मिटा दिया जा रहा है। जिससे उक्त वाहनों का कई बार अवैध कृत्यों में शामिल होने अंदेशा बना रहता है और उसका पहचान करना मुश्किल हो जाता है। यातायात पुलिस ऐसे वाहनों पर कठोर कार्रवाई करते हुए भारी राशि काटकर चालान भेजा जा रहा है। साथ ही उनका लाइसेंस निरस्त करने कार्यवाही कर रही है।

#### आउटर में लगाया जाएगा इंटरसेप्टर मशीन

कई युवा वर्ग शहर के आउटर एरिया में शाम के समय फर्राटेदार गाड़ियां दौड़ते हुए यातायात नियमों का उल्लंघन करते हैं। ऐसे वाहन चालकों के विरूद्ध शहर के आउटर एरिया में इंटरसेप्टर मशीन लगाकर निगरानी की जा रही है।

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, सोमवार 14 अप्रैल 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




धर्म-क्षेत्र

## सांई मंदिर स्थापना दिवस पर भक्तों ने किए बाबा के दर्शन



**बिलासपुर।** लाल खदान सांई मंदिर का आठवां स्थापना दिवस 12 व 13 अप्रैल को धूमधाम से मनाया गया। शिरडी सांई मंदिर से आए पुजारी द्वारा विधि विधान से अभिषेक हवन पूजन आरती कराकर भोग वितरण कराया गया। इसमें शहर के प्रबुद्ध जन सांई भक्तों एवं जनप्रतिनिधियों ने बाबा के दर्शन किए और सांई मंदिर स्थापना दिवस में भाग लिया। गौरतलब है कि उक्त मंदिर की स्थापना सांई भक्त स्वर्गीय मुरली राव ने की थी। इस वर्ष आठवां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रवीण झा ने कहा कि हम सबको स्वर्गीय मुरली राव द्वारा निर्मित इस मंदिर में आकर सांई बाबा का दर्शन करना चाहिए और मुरली राव के द्वारा धर्म के लिए उठाए गए इस कदम को और आगे बढ़ना चाहिए

### रामभक्त प्रवीण झा ने लिया आशीर्वाद

शहर के समाजसेवी राम भक्त प्रवीण झा स्थापना दिवस के अवसर पर सांई बाबा के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया। उनके साथ डॉ कृष्ण मूर्ति बांधी, समाजसेवी संदीप केडिया, अभय नारायण राय, चंदन गांगुली की उपस्थित रहे। आयोजन समिति के मुकेश राव राम एवं पुजारी ने अतिथियों को साल श्री फल देकर आशीर्वाद प्रदान किया गया। श्री राव ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

सम्मान

## डिस्ट्रिक्ट कांफ्रेंस जबलपुर में रीजन चेयरपर्सन दीक्षित सम्मानित



**बिलासपुर।** लायन्स डिस्ट्रिक्ट 3233 सी की डिस्ट्रिक्ट कांफ्रेंस जबलपुर में आयोजित की गई। इसमें बिलासपुर के रीजन चेयरपर्सन अरविंद दीक्षित को सम्मानित किया गया। जबलपुर में आयोजित लायंस इन्टर नेशनल की डिस्ट्रिक्ट कान्फ्रेन्स में श्री दीक्षित रीजन चेयर पर्सन को इन्टरनेशनल डायरेक्टर रमेश प्रजापति एवं मल्टीपल कौंसिल चेयरपर्सन डा संजीव जैन, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सुधीर जैन के हाथों सर्वश्रेष्ठ फाइव स्टार रीजन चेयरपर्सन का एवार्ड दिया गया। श्री दीक्षित बिलासपुर रीजन 6 के चेयरपर्सन हैं।

समारोह

## हमें अपनी क्षमता अनुसार समाज की सेवा अवश्य करनी चाहिए



**बिलासपुर।** समाज सेवा का अवसर ईश्वर सभी को नहीं देते हमें अवसर निकाल कर अपनी क्षमता अनुसार समाज की सेवा अवश्य करनी चाहिए। ये बातें कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास मंच छत्तीसगढ़ के सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि की आसंदी से नगर निगम के पूर्व एल्डरमैन जगदीश पाण्डेय ने कही। मंच के सुदेश दुबे ने बताया कि मंच द्वारा नवनिर्मित आशीर्वाद भवन लोखंडी में स्थापित भगवान श्री परशुराम मंदिर परिसर में साहित्यकार एवं रामशंकर शुक्ल की समाज एवं साहित्य सेवा के लिए सम्मान किया गया। भगवान परशुराम की महाआरती की गई। कार्यक्रम का संचालन शास्वत तिवारी ने किया एवं आभार प्रदर्शन अनूप पान्डेय ने किया। इस अवसर पर बी के पान्डेय, मनोहर लाल मिश्र, लक्ष्मी कांत दीक्षित, दिनेश बाजपेयी, सुनील दत्त मिश्र, देवेन्द्र बाजपेयी, सुरेन्द्र तिवारी, सिद्धांत दुबे, योगेश मिश्र, अंकुर पान्डेय, अभिषेक दीक्षित,माया बाजपेयी,अर्निमा मिश्रा सहित मंच के सदस्य उपस्थित रहे।



## समर कैंप में बच्चों को सिखाया अबेकस ज्ञान

**बिलासपुर।** परिवर्तन एक आशा की किरण संस्था ने बालमुकुंद स्कूल भारतीय नगर में चल रहे समर कैंप में बच्चों को निःशुल्क अबेकस ज्ञान सिखाया। गीता नामदेव ने बच्चों को अबेकस के माध्यम से गणितीय गणनाओं को करने का एक नया तरीका सिखाया। किरण पाठक और प्रीति ठक्कर ने बच्चों को कॉपी और पेन उपहार स्वरूप भेंट किए और बताया कि उनकी यह संस्था समय-समय पर इस तरह के आयोजन कर बच्चों के लिए नए अवसर प्रदान करती है।



## दयालबंद गुरुद्वारा में मनाया गया खालसा साजना दिवस

गुरुद्वारा श्री गुरुसिंग सभा दयालबंद में तीन दिवसीय खालसा साजना दिवस बैसाखी का आयोजन किया गया है। इसमें भाई गगनदीप सिंह गंगा नगर ने शबद कीर्तन पेश कर साध संगत को निहाल किया।

# हजूरी रागी जत्थों ने शबद कीर्तन कर किया साध संगत को निहाल



**बिलासपुर।** गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्यों ने बताया कि 11-12 अप्रैल को हजूरी रागी जत्थों ने सुबह शाम वाद्य यंत्रों की धुन के बीच शबद कीर्तन पेश किए। इसे साध संगतों ने सुन कर गुरु घर की कृपा प्राप्त की। रविवार को भी गुरुद्वारा में भाई गगनदीप सिंह, हजूरी रागी जत्था जोगेंदर सिंह, मुख्य ग्रंथी गुरुद्वारा दयालबंद ने सुबह-शाम विशेष दीवान सजाया। इससे साध संगत निहाल हुए। अंत में गुरु का अटूट लंगर बरताया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने गुरु का प्रसाद लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समूह साध संगत, प्रबंधन कमेटी गुरुद्वारा दयालबंद के सदस्यों का सहयोग रहा।

## अक्षय तृतीया पर करेंगे दान-पुण्य



इस साल अक्षय तृतीया का पर्व 30 अप्रैल को मनाया जाएगा। यह हिंदुओं और जैनियों का एक शुभ त्योहार माना जाता है। इसे आखा तीज भी कहते हैं। यह वैशाख महीने के शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनाया जाता है। अक्षय तृतीया का अर्थ कभी क्षय न हो होता है। इस दिन किए गए शुभ कार्यों का फल अक्षय होता है। किए गए दान-पुण्य का फल कभी खत्म नहीं होता है। इस दिन गंगा स्नान, पितरों का तर्पण, पिंडदान, सोना-चांदी खरीदना, माता अन्नपूर्णा की पूजा करना शुभ माना जाता है। वहीं कोई भी शुभ कार्य करने पर उसका अक्षय फल मिलता है। आज के दिन सोना खरीदना बहुत शुभ माना जाता है, इसलिए कई लोग सोने की खरीददारी भी करते हैं। मां लक्ष्मी की विशेष पूजा-अर्चना कर करसी, सुराही का दान करेंगे। माना जाता है कि इस दिन किया गया कोई भी काम शुभ फल देता है।

# पर्वों, त्यौहारों से भरपूर बैशाख माह, खुशनुमा रहेगा दिन

बैशाख का महिना रविवार से आरंभ हो गया है। इस महिने कई पर्व, त्यौहार पड़ रहा है। सभी का अपना एक अलग महत्व है। इससे प्रत्येक त्यौहारों वाले दिन खुशनुमा रहेगा। इस माह के पहले दिन ही बैसाखी है। इस पर्व का पंजाबी समाज के लिए काफी महत्व होता है। इस दिन गुरुद्वारों में विशेष पूजा, अरदास, भजन कीर्तन कर प्रभात फेरी निकाली जाती है।

बैशाखी की पूरे भारत में धूम रहती है। विशेष रूप से पंजाब, हरियाणा, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर सहित अनेक राज्यों में मनाया जाता है। बैसाखी उत्सव समाज और धर्म के संगम एवं खुशहाली व समृद्धि की प्रतीक है। इसी दिन खालसा पंथ की स्थापना की गई थी। नए फसल की कटाई भी शुरु होती है। सोमवार 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती है। इस दिन बौद्ध समाज के लोग जीडीसी चौक स्थित अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम आयोजित करेंगे। इसकी तैयारी की जा रही है। 20 अप्रैल को गुरु अर्जुनदेव की जयंती है। इस दिन पंजाबी समाज के लोग उन्हें याद करेंगे।

### गुड फ्रायडे पर चर्च में होगी प्रार्थना

इस साल 18 अप्रैल को गुड फ्राइडे मनाया जाएगा। ईसाई धर्म के अनुयायियों के लिए गुड फ्राइडे और ईस्टर संडे का दिन काफी महत्व रखता है। जहां गुड फ्राइडे को शोक दिवस के रूप में मनाया जाता है। वहीं गुड फ्राइडे के बाद आने वाले संडे को ईस्टर संडे कहा जाता है। इस दोनों दिन मसीही समाज के लोग चर्च में जाकर प्रार्थना कर प्रभु यीशु की बलिदान को याद करेंगे।

## भजन गायिका शहनाज ने दी भक्तिमय प्रस्तुति



**बिलासपुर।** श्री हनुमान सेवा समिति सरकंडा द्वारा हनुमान जयंती पर दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत 51 सौ लोगों का भण्डारा व जगराता आयोजित किया गया है। इसके दूसरे दिन रविवार को रात्रि 8 बजे हनुमान चालीसा का पाठ कर साढ़े 8 बजे हनुमानजी की महाआरती की गई। 9 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया गया। साढ़े 9 बजे गायिका शहनाज अख्तर द्वारा साइंस कॉलेज मैदान में भजनों की प्रस्तुति दी गई। इससे पूरा माहौल भक्तिमय बना रहा।

### हनुमान चालीसा का पाठ कर की गई महाआरती



शहर के कई स्थानों में हनुमान जन्मोत्सव का दो दिवसीय कार्यक्रम होने के कारण रविवार को भी झण्डा, तोरण, हनुमानजी का चोला, लंगोट, मुमुट, पगड़ी, माला, फूल, बजरंगी सिंदूर, अगरबत्ती, चमेली तेल, बाती की भारी मांग रही। विक्रेता प्रतिभा सागर ने बताया कि झण्डा, तोरण, हनुमानजी का चोला, लंगोट, मुमुट, पगड़ी को वह खुद तैयार की थी।

# पाम संडे पर गिरजाघरों में की गई आराधना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के गिरजाघरों में मसीहियों ने खजूर का रविवार पाम संडे बड़े उत्साह से रविवार को मनाया। चर्च ऑफ ख्राईष्ट सीएमडी चौक निर्वाचित प्राचीन समिति में पास्टर सुदेश पॉल के नेतृत्व में पाम संडे का जुलूस तारबाहर मसीह टेंट हाउस से आराधना स्थल सीएमडी चौक तक निकाला गया। इसमें चर्च के लोगों ने भारी संख्या में भाग लिया। हाथों में सभी ने खजूर की डालिया लेकर यीशु के जयकारे करते व मसीही गीत गाते हुए चर्च भवन में प्रवेश किए।

जुलूस में आए सभी लोगों का मार्ग में श्वेता दास, रीना दास, शशांत, स्वप्निल दास, नॉर्मन, सरिता, नेहा, नमन हेनरी और तारबाहर के पार्षद शेख असलम ने पुष्पहार से स्वागत किया। फल, केक, फ्रूटी, शरबत, लस्सी, चॉकलेट बॉटे गए। पास्टर श्री पॉल ने अपने प्रवचन में बताया कि प्रभु यीशु मसीह कहते हैं, कि वे भले चंगों के लिए नहीं बीमारों के लिए आए है। मैं धर्मियों को नहीं पापियों को ढूंढने और उनका उद्धार करने आया हूं। वे कहते हैं कि चोर केवल चोरी और नष्ट करने को आता है पर मैं इसलिए आया कि वे बहुतायत का जीवन पाएं। उन्होंने बताया कि प्रभु यीशु नम्र और दीन बनकर इस जगत में आए और सारे मानव जाति के पापों का बोझ अपने ऊपर लेकर सलीब पर बलिदान हुए। चर्च की आराधना का संचालन मुकेश पॉल ने किया। उपदेश सीनियर पास्टर सुदेश पॉल ने दिया। प्रार्थना की अगुवाई मंजू निशा, शीबा लुईस, अरुणा दास और नोरिना सिंह ने की। बाइबिल का पठन बोल्डी कुमार ने किया।





जुलूस में खजूर की डालियां लेकर हुए शामिल

### गीतों की दी गई प्रस्तुति

पाम संडे पर क्वायर ग्रुप की शोभा वालेस, रेणुका अब्राहम, जेनिफर पॉल, निवेदिता पॉल, प्रेरणा बारा, विवेक मसीह, रवि हजारिया ने सुमधुर मसीही गीत प्रस्तुत किया।

### इनका रहा सहयोग

कार्यक्रम में विल्सन जॉन मसीह, प्रवीण जैसल, शामुएल वालेस, सनीजॉन, अरविंद कुमार, अनूप लवंग, राहुल जॉन, राकेश पॉल , सालो मान सिंह, सीरिया बी, दास, अजय सिंह, विवेक पॉल, आयुष बाग, कुणाल कुमार, नितेश सहित समाज के अन्य सभी लोगों का सहयोग रहा।

कार्नर न्यूज

**मिट्टी की बोतलें खींच रही लोगों का ध्यान, कीमत ज्यादा फिर भी पसंदीदा**

# गर्मी की दस्तक के साथ ही मटकी, सुराही की बढ़ी मांग

**बिलासपुर।** गर्मी की दस्तक के साथ ही शहर में मटकी और सुराही की दुकानें सजने लगी है। इसके साथ मिट्टी की बोतलें भी आ रही है जो कि सहज ही अपनी ओर लोगों का ध्यान खींच रही है। विक्रेताओं ने बताया कि इसकी कीमत ज्यादा है, पर लोग इसे ज्यादा पसंद कर रहे हैं।

गर्मी के मौसम आते ही शहर के अनेक स्थानों में मिट्टी से तैयार मटकी, सुराही की बिक्री होने लगती है। इस बार पहली बार राजस्थानी मिट्टी शिल्पकारों की सामग्री बाजार में पहुंच चुकी है। इसमें मिट्टी से बनी बोतल भी शामिल है। परंपरागत आकार से हटकर इस बार सुराहियां आकर्षक नजर आ रही है। आकर्षक ढंग से बनी इन सुराहियों में सुंदर पेंटिंग की गई है। इसमें नल और बिना नल वाली सुराहियां दोनों मिल रही है। वहीं बीते बरस की अपेक्षा सुराही की भी मांग बराबर बनी हुई है। इसका कारण यह है कि आज भी कई लोग घड़े का पानी पीना पसंद करते है। साथ ही अक्षय तृतीया के दिन दान-पुण्य करने भी इसकी खरीददारी होती है।



### ज्यादा मांग होने की संभावना

मटकी विक्रेताओं का कहना है कि माह मई, जून में गर्मी की तपिस बढ़ने के साथ ही मटकी, सुराही की रिकॉर्ड मांग बढ़ने की संभावना है। गर्मी और तेज धूप के पूर्वानुमान को देखते हुए मटकी निर्माण के साथ ही भंडारण पर भी ध्यान दिया जा रहा है ताकि मांग के अनुरूप उपलब्धता बनी रहे।



### राजस्थानी मटकी बनी पसंदीदा

विक्रेताओं ने बताया कि आधुनिकता की इस दौर में लोग कुछ नएपन वाली चीजों को ही पसंद करते हैं। इस बार परंपरागत मटकियों की अपेक्षा राजस्थानी मटकियों को लोग ज्यादा पसंद कर रहे हैं क्योंकि इसमें कई आकर्षक डिजाइन है जो कि देखने में बहुत अच्छा लग रहा है। इसकी कीमत प्रति नग 5 से 7 सौ रुपए है। परंपरागत मटकियां 10 रुपए की तेजी के बावजूद 90 से 140 रुपए प्रति नग बिक रही है।

13-APR--REGNOL--pg-4-COMMAN_Layout 1 4/14/2025 12:08 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### कोच्चि में आयोजित पुलिस टूर्नामेंट में छग टीम ने जीता पदक



**गौरेला।** छत्तीसगढ़ महिला टीम ने एसपी भावना गुप्ता और डीएसपी आकर्षी कश्यप के नेतृत्व में कांस्य पदक जीता। राज्य गठन के बाद पहली बार प्रदेश की टीम पदक हासिल किया है। आकर्षी और भावना दोनों ने महिला युगल और मिश्रित युगल जैसे अन्य स्पर्धाओं में क्वालीफाई किया है, जिससे और अधिक पदक आने की उम्मीद है। टेबल टेनिस फाइनल में भावना गुप्ता ने मिजोरम पुलिस को हराकर व्यक्तिगत एकल वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। यह टूर्नामेंट 11 से 14 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है।

### मोतिमपुर सतनामी समाज के अध्यक्ष बने अमन

**जरहागांव।** मोतिमपुर में सतनामी समाज की बैठक आयोजित की गई, जिसमें पूर्व कार्यकाल का प्रतिवेदन



प्रस्तुत किया गया। इसके बाद सामज के पदाधिकारियों की नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ की गई, जिसमें सर्वसम्मति से अमन राज को सतनामी समाज मोतिमपुर का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसी क्रम में सुरजीत बरवानी सचिव, राजकुमार पाटले सहसचिव, संगीत भास्कर कोषाध्यक्ष, संरक्षक व विशेष सलाहकार माधुलाल पाटले, जगमोहन दास, बाबूलाल बंजारे, सुखप्रसाद, प्रेमचन्द बंजारे को बनाया गया। इस अवसर पर ही समाज के वरिष्ठ मोहन लाल भास्कर, मदन घृतलहरे, पिरिया गेंदले, हिमाचल गेंदले, फूलचंद बंजारे, नवल पात्रे, मालिक राम, तोरण दस सहित समाज के अनेक लोग मौजूद रहे।

### मसीही समाज ने निकाली पाम संडे रैली



**जरहागांव।** ख्रीष्टियान मंडली पेन्ड्रीडीह चर्च जरहागांव में रविवार को पाम संडे की रैली निकाली गई, जिसमें मसीही समाज के समस्त लोग उपस्थित रहे। रैली में यीशु मसीह का आगमन का संदेश लोगों तक पहुंचाया गया। इस अवसर पर मसीही समाज के लोगों ने हाथ में खजूर की डाली लेकर गांव का भ्रमण किया। पास्टर आर जॉन ने बताया कि येरूशलम प्रवेश के दौरान जब यीशु मसीह ने गदही में सवार होकर पहुंचे तो वहां मौजूद भीड़ ने कपड़े व खजूर की डालियां बिछाकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर आर जॉन, आदर्श जॉन, शशिकांत लाल, निहाल मसीह, अंकित मसीह, प्रताप जॉन , अनूप मसीह व समाज के अन्य लोग उपस्थित रहे।

### कुम्हरौली सब स्टेशन को मिला 5.15 पावर का ट्रांसफर



**लालपुर।** ग्राम पंचायत कुम्हरौली एवं आसपास के गांवों में बिजली के वोल्टेज को लेकर काफी समय से परेशानी बनी हुई थी। स्थिति यह थी कि यहां आए दिन बिजली गुल एवं लो वोल्टेज की समस्या बनी रहती थी, जिससे ग्रामीण अनेक परेशानियों से जूझ रहे थे। परेशाीन ग्रामीणों ने इस समस्या से डिप्टी सीएम अरुण साव को अवगत कराया। उक्त समस्या को तत्काल संज्ञान में लेते हुए श्री साव के प्रयासों के कुम्हरौली सब स्टेशन में 5.15 पावर ट्रांसफार्मर लगाया, जिससे पूरे गांव में खुशी की लहर है। ट्रांसफार्मर लगने से पूर्व डिप्टी सीएम अरुण साव ने क्षेत्रवासियों से कहा कि बिजली दैनिक जीवन के लिए महत्वपूर्ण है। इसका उपयोग आवश्यकता अनुसार करें ताकि गांव में लगे ट्रांसफार्मर पर अनावश्यक बोझ न पड़े। साय सरकार में बिजली, पानी, सड़क आदि से संबंधित कोई भी परेशानी होती है तो आप बेझिझक जानकारी दे सकते हैं। इस दौरान विद्युत विभाग के कर्मचारी-अधिकारी मौजूद रहे। यह जानकारी पूर्व सरपंच हीरा सिंह बेस ने दी।

### शिक्षक संघ के वार्षिक कैलेण्डर का विमोचन



**मुंगेली।** हिंदू नव वर्ष पर प्रांतीय अध्यक्ष द्वारा छग शिक्षक संघ वार्षिक कैलेण्डर का विमोचन किया गया। छग शिक्षक संघ शासन द्वारा मान्यताप्राप्त संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष संजय सिंह का मुंगेली प्रवास रहा। जिले के सभी संगठन पदाधिकारी द्वारा संजय सिंह का स्वागत किया गया। संगठनात्मक चर्चा के साथ हिंदू नव वर्ष पर शैक्षणिक कैलेंडर का विमोचन किया गया। जिले के सभी शिक्षक साथियों के रोजमर्रा आने वाली समस्याओं का समाधान कैसे हो, राष्ट्र हित को ध्यान में रखते हुए छात्र हित, शिक्षक हित के लिए कार्य कैसे संपादित हो इस विषय पर विस्तार से चर्चा किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अत्रि प्रताप सिंह, जिला सचिव संदीप पांडे संगठन का विस्तार और आगामी कार्ययोजना से प्रांताध्यक्ष को अवगत कराएं।

## यहां के आलू एवं कद्दू की अन्य राज्यों में है भारी मांग

# खुड़िया बांध में ऑर्गेनिक खेती कर मालामाल हो रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

मनियारी नदी पर निर्मित खुड़िया बांध खेतों में सिंचाई के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। बांध के ऊपरी क्षेत्र बूड़ान में लगभग 50 हेक्टेयर से अधिक की भूमि पर आर्गेनिक खेती किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है। किसान यहां की उपजाऊ जमीन में कद्दू, आलू, सरसों एवं चना की खेती कर मालामाल हो रहे हैं। बूड़ान के आलू एवं कद्दू की महाराष्ट्र, एमपी, ओडीशा एवं छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों में भारी डिमांड है। गौरतलब है कि खुड़िया बांध के ऊपरी क्षेत्र में जब पानी खाली हो जाता है तो लगभग 50 हेक्टेयर से अधिक जमीन का किसान खेत के रूप में उपयोग करते हैं एवं बिना रासायनिक खाद इस पर खेती करते हैं। इसी क्रम में किसानों ने यहां कद्दू, आलू आदि की खेती की है, लिहाजा न सिर्फ किसान इसमें न फल फूल रहे हैं बल्कि आसपास के ग्रामीणों को इसके माध्यम से रोजगार के अवसर भी प्रदान हो रहे हैं। बांध के ऊपरी क्षेत्र के बैगा बाहुल्य गांव के लोग बूड़ान में काम कर अपनी रोजी-मजदूरी चला रहे हैं। किसानों ने बताया कि प्रत्येक किसान एक सीजन में लगभग 30 क्विंटल आलू एवं इतना ही कद्दू बेचकर अच्छा मुनाफा कमा रहे हैं एवं जीवन यापन कर रहे हैं।







### आर्गेनिक खेती कर रहे किसान

गौरतलब है कि बूड़ान क्षेत्र की जमीन में किसान बिना रासायनिक खाद के सब्जियां उगा रहे हैं। चूंकि ऑर्गेनिक खेती मानव जीवन के लिए संजीवनी का काम करती है, ऐसे में लोग यहां की सब्जी खाना बहुत अधिक पसंद करते हैं।

एक किसान लगभग 10 पिकअप कद्दू एवं 10 पिकअप आलू बेच लेता है। यहां उपजा कद्दू बाजार में 40 से 50 रुपए किलो में बिकता है एवं उसकी भारी डिमांड रहती है

**-बेदीराम साहू,** किसान

प्राकृतिक ऑर्गेनिक जमीन होने के करण यहां बिना रायायनिक खाद के उपयोग के आलू, कद्दू, सरसों जैसे सब्जियों की पैदावार होती है, जो लोगो को सेहतमंद बना रही है

**-कैलाश साहू,** किसान

वर्तमान में यहां के कद्दू की मुंगेली, बिलासपुर, दुर्ग, कोरबा के अलावा छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों में भारी मांग बनी हुई है। कुछ दिन पूर्व यहां के किसानों ने 40 किलो का विशाल कद्दू सीएम विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव एवं विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह को भेंट किया था, जो चर्चा का विषय रहा।



सड़क किनारे डंप रेत।

# सड़क किनारे डंप 70 ट्रैक्टर रेत जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

एसडीएम ने सड़क किनारे रखी 70 ट्रैक्टर रेत को जब्त किया है। कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर ग्राम घुटकू में राजस्व, खनिज और पुलिस की टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की।



गौरतलब है कि कलेक्टर को ग्रामीणों ने वीडियो भेजकर मामले की शिकायत की थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने एसडीएम तखतपुर को कार्रवाई के निर्देश दिए। एसडीएम शिवकुमार कंवर के मार्गदर्शन में मौके पर दलबल के साथ टीम पहुंचकर जांच की। वहां पाया गया कि घुटकू निवासी कुलदीप लोनिया द्वारा अरपा नदी से अवैध रूप से रेत खनन कर सिंगारबाड़ी में डंप की गई है। उसने कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया। लिहाजा लगभग 70 ट्रैक्टर (210 घन मीटर) रेत को जब्त कर पंचनामा तैयार किया गया।

## पूर्व प्रधानपाठक का किया गया सम्मान



**लोरमी।** ग्राम ठरकपुर स्थित हनुमान मंदिर परिसर में हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस पावन अवसर पर अपने 35 वर्ष के शिक्षकीय जीवन के दौरान क्षेत्र में अनेक उल्लेखनीय एवं प्रेरणादायी कार्य करने वाले डीडी वैष्णव का शाल व श्रीफल भेंटकर सम्मान शाला परिवार और ग्रामवासियों ने किया गया। साथ ही सत्र 2024-25 में विभिन्न क्षेत्रो में विशिष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी शाला की ओर से पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में एक और नवाचार करते हुए जिले के पहले शाला संग्रहालय का शुभारंभ हुआ। शाला संग्रहालय में विभिन्न शैक्षिक समाग्रियों के साथ इतिहास और विरासत से जुड़ी अनेक चीजों का संग्रह कर उनका संरक्षण करने का प्रयास किया गया है। कार्यक्रम में सरपंच मदन ध्रुव, मनीराम कश्यप, रमावतार कश्यप, आजू यादव, एवन कश्यप, शिवरतन कश्यप, शिक्षक लखनलाल राजपूत, एफआर कश्यप, दरबार सिंह राठौर, आरती गुप्ता, भारती निर्मलकर, नीता कश्यप, लीला साहू, हीरा लाल, महेश कश्यप, गिरीश क्षत्रीय, टेकलाल कश्यप, सुखराम साहू, श्रवण कुलमित्र, हरपाल, सुखनंदन, टन्केश्वर, दिनेश व धर्मराज उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक तामेश्वर प्रसाद कश्यप ने किया।

## श्वेता बनी सीपत क्षेत्र सरपंच संघ की अध्यक्ष



**सीपत।** ग्राम जांजी में रविवार को सीपत क्षेत्र सरपंच संघ की बैठक आहूत की गई। जिसमें क्षेत्र के सरपंच संघ अध्यक्ष का चुनाव सम्पन्न हुआ। कुल 27 मत में से 17 मत खम्हरिया सरपंच श्वेता शैलेन्द्र खांडेकर एवं 10 मत दर्राभांठा सरपंच एनल धृतलहरे को मिला। इस प्रकार खम्हरिया सरपंच श्वेता शैलेन्द्र खांडेकर सीपत क्षेत्र सरपंच संघ की अध्यक्ष निर्वाचित हुईं। वही दर्राभांठा सरपंच एनल धृतलहरे को सर्वसम्मति से संघ का उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। नवनिर्वाचित सरपंच संघ अध्यक्ष श्वेता शैलेन्द्र खांडेकर ने कहा कि अब हम पूरे पांच साल संगठित होकर काम करेंगे और आने वाले समय मे समस्याओं का समाधान करेंगे। इस अवसर पर मनीषा योगेश वंशकार, कृष्णा मुरली बिंद, राजेन्द्र पाटले, दुष्यंत यादव, धनेश्वर साहू, बसंत साहू, कविता सिदार, सूर्यप्रकाश शेष, चंदेश्वरी त्रिभुवन पोर्ते, कमानी दिनकर, मूलचंद पटेल, सीमा प्रहलाद कुर्रे, धनलाल साहू, फिरतराम अनंत, छविलता साहू, खगेश्वरी भारती, नीमा वस्त्रकार, कमल सिंह मरावी, बलराम वस्त्रकार, अर्जुन यादव, चंद्रमणि मरावी, दिलीप मननेवार, खिलावन सिंह राजपूत, भागवत मरकाम, दुर्गा साहू, पूर्व सरपंच महेंद्र कश्यप, राकेश लैहर्षण उपस्थित रहे।

## ब्राह्मण समाज की बैठक में लिए गए निर्णय



**पेंड्रा।** सर्व ब्राह्मण परिषद पेंड्रा की ओर से भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव मनाने को लेकर हनुमान मंदिर अंजनी वाटिका में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में भगवान श्री परशुराम का जन्मोत्सव मनाने को लेकर विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। इस दौरान सर्व ब्राह्मण परिषद के लोगों ने इस वर्ष भी भगवान श्री परशुराम जी का जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया। साथ ही बैठक में कार्यक्रम की व्यवस्था को लेकर लोगों को जिम्मेदारी सौंपी गई। 3 मई को महिलाओं व बच्चों के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें महिलाओं के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता एवं बच्चों के लिए नृत्य गायन की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। वहीं 4 मई को शोभायात्रा एवं प्रसाद भोजन कार्यक्रम रखा गया है। बैठक में प्रमुख रूप से सर्व ब्राह्मण परिषद के पवन त्रिपाठी, आदित्य पांडेय, श्रीकांत चतुर्वेदी, डॉ मृत्युंजय शर्मा, उपेंद्र तिवारी, ज्ञानेन्द्र चतुर्वेदी, उज्जवल तिवारी, महेश मिश्रा, शिवशंकर तिवारी, सचिन तिवारी, विकास शर्मा, देवेंद्र अग्निहोत्री अवनीश पाण्डेय, प्रमोद शर्मा गज्जू, धनंजय शर्मा, राकेश तिवारी, अक्षय तिवारी, गुरुदत्त मिश्रा सहित विप्र समाज के लोग उपस्थित रहे।

## समिति गठन को लेकर पंचायत सचिव असंतुष्ट

**मुंगेली।** प्रदेश के पंचायत सचिव संघ के द्वारा 17 मार्च से प्रदेश के समस्त सचिवों द्वारा ब्लॉक मुख्यालय में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है जिस पर शासन-प्रशासन द्वारा हड़ताल अवधि के मध्य पुनः समिति का गठन कर दिया गया है। जिसमें समय सीमा का भी कोई जिक्र नहीं किया गया है। जिससे पंचायत सचिव असंतुष्ट एवं आक्रोशित है।

सचिव संघ एक ही मांग शासकीयकरण किए जाने तक अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रखते हुए तिथिवार रणनीति तय किया गया है, जिसमें 2 से 6 अप्रैल तक जनपद स्तर पर हड़ताल, 7 अप्रैल को जिला स्तर पर रैली निकालकर कलेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपना, 8 अप्रैल को जनपद स्तर पर नगाड़ा बजाकर विरोध प्रदर्शन। 9 एवं 10 अप्रैल को जनपद स्तर पर रामायण गान कर विरोध प्रदर्शन। 11 अप्रैल को जनपद स्तर पर हड़ताल पंडाल में महावीर जयंती मनाना। 12 अप्रैल को जनपद स्तर पर क्रमिक भूख हड़ताल। 13 अप्रैल को सरकार को सद्बुद्धि हेतु हनुमान चालिसा पाठ। 14 अप्रैल को जनपद स्तर पर हड़ताल परिसर में डॉ. भीमराव



अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे पंचायत सचिव।

अम्बेड़कर जयंती मनाना। 15 से 19 अप्रैल तक जनपद स्तर पर क्रमिक भूख हड़ताल। 20 अप्रैल को प्रदेश के समस्त सचिव जंतर-मंतर मैदान दिल्ली हेतु खाना। 21 अप्रैल से मांग पूरा होने तक जंतर-मंतर मैदान दिल्ली में अनिश्चतकालीन हड़ताल किया जायेगा। सचिव संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि विधानसभा चुनाव वर्ष 2023-24 में हुये चुनाव में मोदी की गारंटी में पंचायत सचिवों को शासकीयकरण करने का वाद किया गया है। 1995 से कार्यरत पंचायत सचिवों को शासकीयकरण की गारंटी दी गई है। इस संबंध में 7 जुलाई 2024 को इन्डोर स्टेडियम रायपुर के सभागार में मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, उपमुख्यमंत्री, मंत्री महिला बाल विकास विभाग तथा घोषणा पत्र के संयोजक सांसद विजय बघेल दुर्ग की उपस्थिति के बीच सभी महानुभवों द्वारा पंचायत सचिवों के शासकीयकरण को अतिआवश्यक मानते हुये शीघ्र ही शासकीयकरण करने का भरोषा देते हुये मुख्यमंत्री द्वारा मोदी की गारंटी को पूरा करने हेतु तत्काल कमेटी गठन करने की घोषणा करते हुये शासकीयकरण करने को भरोषा दिया गया।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं का सम्मान

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ सक्षम आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ द्वारा आयोजित सम्मान समारोह 2025 जिले में उत्साह, गरिमा और संगठनात्मक शक्ति के प्रदर्शन के साथ सफलतापूर्वक आयोजन कस्तूरबा विद्यालय में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं के योगदान को सम्मानित करना और उनके हक-अधिकारों की आवाज बुलंद करना था।

समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेशाध्यक्ष सुधा रात्रे ने अपने प्रभावशाली संबोधन में कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की समाज निर्माण में अहम भूमिका है, जिसे अब और मजबूत किए जाने की जरूरत है। उन्होंने पदोन्नति, पेंशन और शासकीयकरण जैसी मांगों को लेकर सभी को एकजुट होकर राज्यस्तरीय आंदोलन के लिए तैयार रहने का संदेश दिया। महासमुंद जिलाध्यक्ष



सम्मान समारोह में उपस्थित कार्यकर्ता एवं सहायिका।

सुलेखा शर्मा ने कहा कि जब तक हम संगठित होकर अपने अधिकारों के लिए नहीं लड़ेंगे, तब तक कोई बदलाव संभव नहीं। मंच पर उपस्थित रहे छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के जिला अध्यक्ष शहीद खान, तहसील अध्यक्ष एचआर भास्कर एवं सदस्य शिवसहाय बंजारे जिला संयोजक मोहन लहरी ने भी संबोधित किया। इस मौके पर राजकुमार यादव, ब्लॉक अध्यक्ष, महासमुंद हाजरा निशा खान, उपाध्यक्ष छाया हिरवानी, जिलाध्यक्ष प्रभा डहरिया, जिला सचिव अंजुला सिंह, प्रमिला ठाकुर, मामती दिवाकर, फूलमती टोंडे, कुंती धृतलहरे, गुलशन, सरिता ध्रुव, मीनाक्षी, रेखा ठाकुर, कमला जायसवाल, बिंदु, प्रमिला टंडन, रवीना टंडन, उर्मिला कश्यप, लक्ष्मी बंजारे, करुणा ठाकुर, नजीर सुल्तान, अनिता आडिल, रजनी पांडे, मधु बाजपेयी, पुष्पा, ललिता समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## मितानिनों से सेवाओं व गुणवत्ता की ली जानकारी

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरगांव का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के संयुक्त सचिव सौरभ जैन, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छत्तीसगढ़ के मिशन संचालक विजय दयाराम तथा एनएचएम के एम एण्ड ई ऑफिसर आनंद साहू शनिवार को जिले के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरगांव का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने अस्पताल में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं, ओपीडी एवं आयुष्मान भारत डिजिटल हेल्थ आईडी पंजीयन, लेबर रूम एवं वार्ड की सुविधाएं, आपातकालीन एवं ट्रामा सेवा, निशुल्क दवा वितरण, ड्रग स्टोर, नवजात गहन देखभाल इकाई एनबीएसयू, एक्सरे, दंत चिकित्सा, वैक्सीनेशन, नेत्र चिकित्सा,



मिशन संचालक को स्मृति चिन्ह भेंट करते अधिकारी

टेलीमेडिसिन, आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत सेवाएं, एनसीडी गैर-संचारी रोग सेवाएं तथा लैब सेवाएं आदि का गहन अवलोकन किया और आवश्यक निर्देश दिए। वरिष्ठ अधिकारियों ने अस्पताल में भर्ती मरीजों, स्टाफ, अधिकारियों एवं मितानिनों से संवाद कर सेवाओं की गुणवत्ता एवं पहुंच के बारे में जानकारी ली। अस्पताल द्वारा आमजनों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने सभी को सेवाओं को और बेहतर बनाने हेतु प्रेरित किया। इस दौरान संयुक्त सचिव श्री जैन एवं मिशन संचालक श्री दयाराम को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की ओर से स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ प्रभातचंद्र प्रभाकर, डीपीएम गिरीश कुर्रे, बीएमओ डॉ एआर बंजारे, डीएचओ डॉ रविशंकर प्रसाद देवांगन, डीआईओ डॉ कमलेश खैरवार, अस्पताल प्रबंधक सुरभि केशरवानी, सीपीएम सोनाली मेश्राम, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ शबाना परवीन, डॉ अमित लाल, डॉ सत्येन्द्र जायसवाल सहित तीनों ब्लॉक पथरिया, लोरमी एवं मुंगेली से बीपीएम व सीएचसी सरगांव का समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# दोषियों की गिरफ्तारी को लेकर रहा रतनपुर बंद



**रतनपुर।** धार्मिक नगरी रतनपुर में कछुआ प्रकरण के दोषियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने की मांग को लेकर रतनपुर न्याय मंच द्वारा नगर बंद कराया गया।

रविवार को सुबह से ही व्यावसायियों नें अपनी प्रतिष्ठान बंद रखी। न्याय मंच के द्वारा आयोजित बंद मैं शामिल होकर नगर वासियो ने पूरे नगर का भ्रमण किया! नगर भ्रमण के बाद महामाया चौक मैं आम सभा हुई जहां सभी ने 27 कछुओं के दोषियों को तत्काल जेल भेजने की मांग दोहराते हुए तहसीलदार रतनपुर को ज्ञापन सौंपा ! इस आंदोलन में मुख्य रूप से नगर पालिका अध्यक्ष लवकुश कश्यप,रमेश शर्मा अन्ना कन्हैया यादव, निरंजन क्षत्री, विकास मिश्रा, प्रकाश क्षत्री, ललित अग्रवाल, प्रशांत यादव, अखिल अग्रवाल,एवं नगर वासी शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### अंबेडकर जयंती में शामिल होंगे डिप्टी सीएम साव



**लोरमी।** क्षेत्रीय विधायक एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव 14 अप्रेल को क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे। रायपुर से चलकर दोपहर 11.30 बजे सर्वप्रथम वे मुंगेली रोड स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित सक्रिय सदस्य सम्मेलन में सामिल होंगे। इसके बाद दोपहर 2.30 बजे ग्राम परसाकापा में अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा आयोजित बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे।

### बाबा साहब की जयंती पर आज निलेगी बाइक रैली

**सकरी।** संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर आज 14 अप्रैल को छत्तीसगढ़ सतनाम महासंघ द्वारा बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण कर मेढ़पार बाजार से दोपहर 3 बजे बाइक रैली निकाली जाएगी। इसी क्रम में 15 अप्रैल को शाम 4 बजे मेढ़पार बाजार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह शामिल होंगे। साथ ही मुख्य वक्ता पूर्व मंत्री राजेन्द्र पाल गौतम, अति विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य संतोष कौशिक गुरुजी, जनपद अध्यक्ष माधवी संतोष वस्त्रकार, जिला पंचायत सदस्य अंबिका साहू, जनपद सदस्य कविता यादव, सरपंच मेढ़पार सत्यवती दिनेश धृतलहरे, संजीव खांडे, बिहारी सिंह टोडर के आतिथ्य में कार्यक्रम संपन्न होगा।

### आंबेडकर जयंती पर रक्तदान शिविर आज

**मुंगेली।** डॉ. भीम राव आंबेडकर जयंती के अवसर पर विशाल रक्तदान शिविर, सांस्कृतिक कार्यक्रम, विचार संगोष्ठी एवं नवनिर्वाचिचित पंचायत प्रतिनिधियों, समाज सेवियों का सम्मान समारोह 14 अप्रैल को सतनाम भवन में रखा गया है। कार्यक्रम की तैयारी में कार्यकर्ता जुटे हुए हैं। यह जानकारी जिला अध्यक्ष संयुक्त शिक्षक संघ मुंगेली एवं जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ लक्ष्मी कांत जड़ेजा के द्वारा दिया गया है।

### अंबेडकर जयंती पर कांग्रेस का कार्यक्रम आज

**तखतपुर।** डा. भीमराव अंबेडकर जयंती पर नगर कांग्रेस के तत्वावधान में 14 अप्रैल को सुबह 10 बजे से नगर कांग्रेस कमेटी कार्यालय में बैठक रखी गई है। जिसमें संगठन के पदाधिकारी पार्षद नगर पालिका अध्यक्ष उपाध्यक्ष नगर कांग्रेस के बूथ अध्यक्ष सेक्टर अध्यक्ष जोन अध्यक्ष वरिष्ट कांग्रेसजनों, एनएसयूआई, युवा कांग्रेस महिला कांग्रेस के सभी साथी की उपस्थित प्रार्थनीय होगी। यह जानकारी अध्यक्ष बिहारी देवांगन ने दी।

### भाजपा आज मनाएगी समरसता दिवस

**तखतपुर।** भाजपा द्वारा डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती को समरसता दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर सोमवार 14 अप्रैल को दोपहर 2 बजे मोहन वाटिका में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है । कार्यक्रम में तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह द्वारा तखतपुर विकासखंड के सभी नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जनपद सदस्य, सरपंच, नगर निगम-नगर पालिका के भाजपा पार्षदों एवं मंडल अध्यक्षों का सम्मान किया जाएगा। पूर्व जिला पंचायत सदस्य संतोष कौशिक गुरुजी ने इस कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से उपस्थित होने का आह्वान किया है।

### हरदी में अखण्ड नवधा रामायण कल से

**तखतपुर।** अखण्ड नवधा रामायण का आयोजन हरदी में 15 से 24 अप्रैल तक किया गया है। जिसमें आचार्य मुकेश पाण्डेय, यजमान श्रीमती मिथिला पुनाराम साहू है। तैयारी में डां कृपा यादव, शिव भगत साहू, मधु संतोष कौशिक, रामेश्वर यादव, बेदराम मरावी, लाल राम साहू सहित अन्य जुटे हुए हैं।

# भगवान राम के जीवन से मिलती है सत्य और समर्पण की शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सकरी

नवधा रामायण के माध्यम से मानस मंडलिया भगवान राम के जीवन गाथा को गायन के माध्यम से लोगों को सुनाती हैं। प्रभु श्रीराम के जीवन चरित्र से हमें सत्य, त्याग, तपस्या और बलिदान की सीख मिलती है। मर्यादा में रहकर अपने कर्तव्यों का पालन करना और प्रजाहित, लोकहित में जीवन समर्पित कर देना, अन्याय एवं असत्य के विरुद्ध युद्ध करना। यही रामचरित मानस का मूल मंत्र है।

उक्त बातें ग्राम जरौंधा में आयोजित नवधा रामायण कार्यक्रम में तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने कही। उन्होंने कथा सुनने पहुंचे



आयोजन को संबोधित करते धर्मजीत सिंह।

श्रोताओं से मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के अनुरूप आचरण करने का आह्वान किया। इस दौरान ग्रामीणों की मांग पर विधायक ने अश्वनी शर्मा के घर से बरदही नाला तक नाली निर्माण एवं 500 मीटर सड़क निर्माण की घोषणा की। साथ ही विधायक ने आयोजन समिति को 10 हजार की सहयोग राशि प्रदान की। कथा में पहुंचे पूर्व जिला पंचायत सदस्य संतोष कौशिक गुरुजी ने कहा कि जिस प्रकार आज समाज में तनाव बढ़ता जा रहा है एवं नैतिक और चारित्रिक मूल्यों में गिरावट आ रही है। ऐसे में भक्ति और आध्यात्म ही वह माध्यम है जिसके द्वारा हम समाज में फैली अशांति को दूर कर सकते हैं। जपं राकेश तिवारी ने कहा कि श्रीराम जी की कथा अलौकिक है, मानस मंडली को साधुवाद है, जिनके मुख से हम प्रभु की कथा सुन रहे हैं। इस अवसर पर भाजपा नेता विशाल विक्की सिंह, सीमा अश्वनी श्रीवास, जनपद सदस्य, सरपंच नंदराम मरावी, उपसरपंच मनोज साहू, अश्वनी शर्मा, राघवेंद्र पाण्डेय, मनोज शर्मा, अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष चंद्रशेखर पाण्डेय, विनय तेली, विक्रम चौहान, नंदकुमार साहू, अशोक रजक, परमानंद रजक, सुरेश पाण्डेय, प्रभा पाण्डेय, पं लक्ष्मीनारायण तिवारी, विश्राम यादव सहित बड़ी संख्या में श्रोता उपस्थित थे रहे।

## भक्तों ने श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया हनुमान जन्मोत्सव

**मस्तूर।** ग्राम खैरा जयरामनगर के नागरिकों एवं प्रभात फेरी मंडली खैरा के सदस्यों के द्वारा माता चौरा स्थित हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया।

एक दिवस पूर्व ही हनुमान जन्मोत्सव की तैयारी शुरू की गई थी, जिसमें मंदिर की साफ-सफाई, रंगाई-पुताई कर मंदिर को सजाया गया। शनिवार सुबह से ही हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना शुरू हुई जो देर तक तक अनवरत चलती रही। साथ ही श्रद्धालुओं को मंदिर प्रांगण में भोग प्रसाद चना, खीर, पूड़ी, फल एवं मिठाई का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रभात फेरी मंडली की



ओर से भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। भजन-कीर्तन में ग्रामवासियों के साथ मोहित पाल, आनंदराम साहू, सीताराम पटेल, संजय कुमार यादव, लखन यादव, धनीराम यादव, आशीष साहू, तिहारु यादव , रामनाथ साहू , प्रेमदास मानिकपुरी , खोलबहरा सिदार, भीखम यादव, अंजोरी सिदार, हनुमान सिदार, भुवनेश्वर जयसवाल, रिखीराम जायसवाल , दिलाखन पाल , महेश श्रीवास, घुनहा यादव, सतीश पाल , सूरज राज , बहोरन सिदार , सेतकुमारी पटेल , चंद्रिका जगत, दुलौरिन सिदार, कौशल्या यादव, उर्मिला श्रीवास, कविता पॉल , समेमति पॉल, शैलेन्द्री यादव, जमुना निर्मलकर शामिल हुए।

## रानी सती मंदिर में राम कथा का शुभारंभ



**बिल्हा।** नगर के अग्रसेन चौक स्थित रानी सती मंदिर में राम कथा का शुभारंभ 13 अप्रैल रविवार से हुआ, जो 21 अप्रैल तक चलेगा। कथा का समय दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक रहेगा। कथा का वाचन कथा व्यास गुप्तेश्वर महराज पूर्व डीजीपी बिहार के मुख से किया जाएगा। कथा के शुभारंभ के अवसर पर पहले दिन हनुमान मंदिर महुआ चौक से कलश यात्रा निकाली गई, जो मुख्यमार्ग होते हुए मां शीतला माता मंदिर अग्रसेन चौक होते हुए रानी सती मंदिर पहुंची। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिला व पुरुष उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम का आयोजन जलेश्वर साहू,योगेश कुमार साहू की ओर से किया जा रहा है।

## हमें अपने अंदर के परमात्मा की प्रप्ति का लक्ष्य रखना चाहिएः गंगाधर



**तखतपुर।** ग्राम कुकुसदा मे आयोजित श्रीमद भागवत कथा के चौथे दिन व्यास पं गंगाधर उपाध्याय ने कहा कि वाणी हमेशा मीठी रखनी चाहिए, क्योंकि वाणी के कारण ही महाभारत हो गया था। साथ ही उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण से संस्कारों की शिक्षा लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण स्वयं परमात्मा थे, लेकिन वे अपने माता पिता के चरणों को प्रणाम करने में कभी संकोच नहीं करते थे। जब-जब धरा पर अत्याचार, दुराचार, पापाचार बढ़ा है, तब-तब प्रभु का अवतार हुआ है। प्रभु का अवतार अत्याचार को समाप्त करने और धर्म की स्थापना के लिए होता है। इसलिए असार यानी संसार के नश्वर भोग पदार्थों की प्राप्ति में अपने समय, साधन और सामर्थ्य को व्यर्थ करने की जगह हमें अपने अंदर के परमात्मा को प्राप्त करने का लक्ष्य रखना चाहिए। इसी से जीवन का कल्याण संभव है।

## हनुमान जी की भक्ति में डूबे रहे नगर के लोग



**करगी रोड कोटा।** नगर के 125 साल पुराने गौरीशंकर सिद्ध हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव धूम धाम से मनाया गया। यहां पिछले 18 वर्षों से लगातार भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में पंचमुखी हनुमान मंदिर रेलवे स्टेशन, मेन रोड हनुमान मंदिर, नाका चौक हनुमान मंदिर में मुख्य पुजारी गोलू महराज ने पूजन कार्य संपन्न कराया। फिरंगीपारा लाल हनुमान मंदिर, मंडी तहसील हनुमान मंदिर में सुबह हनुमान जी की पूजा-अर्चना की गई एवं दोपहर में 56 भोग लगाकर हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। इसके बाद तत्पश्चात महाआरती के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सभी भक्तों भगवान का प्रसाद ग्रहण कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर पूरा नगर हनुमान जी की भक्ति में डूबा रहा एवं मंदिरों में सुंदरकांड, हनुमान चालीसा का पाठ एवं भजन कीर्तन होते रहे।

## रहंगी में 3 घंटे तक किया गया सुदरकांड का पाठ



**लोरमी।** ग्राम रहंगी में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर लगातार तीन घंटे सुंदरकांड का पाठ व भजन गायन कर प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में गांव के सरपंच रुक्मणि भगवान सिंह, उपसरपंच संध्या भोला राम साहू, शिक्षक अभिजीत तिवारी, संजय राजपूत, रामातार साहू, श्याममुकुंद साहू,नंदराम साहू, पुन्नू राम साहू, रोहित शर्मा, सालिक राम साहू, विजय साहू, रामेश्वर साहू, रूपेंद्र तिवारी, रामातर साहू,महेश साहू, योगेश साहू, संतोष साहू, श्याम लाल साहू, बिहारी श्रीवास, नकुल साहू, तेजराम साहू, देवा साहू, हुबलाल साहू, उमा शंकर, अजय, खेमकरण साहू, रोशन साह, रामकिशन साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## असुरों के संहार के लिए भगवान धरती पर जन्म लेते हैं: पं रामदेव



**लोरमी।** वार्ड क्रमांक 7 स्थित खुशबू आदित्य, नंद किशोर वैष्णव के निवास पर आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा में व्यास पंडित रामदेव चतुर्वेदी ने पांचवें दिन की कथा कही। उन्होंने वामन अवतार, श्रीराम अवतार एवं श्रीकृष्ण जन्म के प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि मथुरावासी कंस अत्याचार से त्रस्त थे। कंश को आकाशवाणी हुई कि देवकी की आठवीं संतान के रूप में तेरा काल पैदा होगा। इस पर कंस ने देवकी सहित वासुदेव को बंदी बनाकर कारागार में डाल दिया। कंस ने अपने राज्य में देवताओं का हवन-पूजन बंद करवा दिया एवं और भी अधिक अत्याचारी बन गया। कंस का अत्याचार चरम पर था, इसी दौरान कारागार में भगवान श्री कृष्ण ने जन्म लिया। अंत में भगवान कृष्ण ने कंस का वध कर मथुरावासियों को उसके अत्याचार से मुक्ति दिलाई। पं रामदेव ने कहा कि असुरों के के संहार के लिए भगवान पृथ्वी पर जन्म लेते हैं। इस अवसर पर खुशबू आदित्य वैष्णव, नंद किशोर वैष्णव, चंद्र किशोर कुमार, श्याम किशोर, प्रकाश वैष्णव, आकाश वैष्णव सहित बड़ी संख्या में कथा का श्रवण करने श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## हिर्री में हनुमान जन्मोत्सव की धूम



**मस्तूरी।** समीपस्थ ग्राम हिर्री में श्री हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। शुक्रवार को हनुमान जी के मंदिर में संकट निवारण मनोकामना दीप प्रज्वलित किया गया, शनिवार को सुबह से हनुमान जी का पूजा-अर्चना कर गांव की सुख-समृद्धि, शांति की कामना की गई। साथ ही मंदिर प्रांगण में पूरे दिन भजन गायन, रामायण कीर्तन का सिलसिला चलता रहा। गांव के वरिष्ठ नागरिक गोवर्धन प्रसाद साहू ने बताया कि हनुमानजी का जन्मोत्सव गांव में पिछले 14 वर्षों से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर ग्राम वासियों द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ किया जाता है एवं लोग भारी उत्साह के साथ हनुमानजी की पूजा-अर्चना करते हैं। इस अवसर पर हवन-पूजन में सरपंच देवकुमारी गुलाब साहू, गोवर्धन प्रसाद साहू सहित गांव के अन्य शामिल हुए। इसके बाद प्रसाद का वितरण किया गया।

## बच्चों को अंग्रेजी सिखाई जाती है, जबकि हमारी राष्ट्र भाषा हिंदी है: बैस

### एमडीएम व टाइम्स एजुकेशन वर्ल्ड स्कूल में वार्षिकोत्सव





कार्यक्रम को संबोधित करते पूर्व राज्यपाल रमेश बैस व उपस्थित छात्र।

**मल्हार।** एमडीएम पब्लिक स्कूल व टाइम्स एजुकेशन वर्ल्ड स्कूल का वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया। वार्षिकोत्सव समारोह के मुख्य अतिथि महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल व पूर्व सांसद रमेश बैस रहे।

श्री बैस ने अपने संबोधिन में स्कूल के डायरेक्टर भागबली घृतलहरे की सोच को बच्चों के लिए उत्कृष्ट बताया। उन्होंने कहा कि अपने बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा दें, शिक्षा के लिए लड़की एवं लड़के में भेद भाव नहीं करना चाहिए। बच्चे जिस क्षेत्र में रुचि रखते हैं, उसको उसी क्षेत्र से संबंधित शिक्षा देना चाहिए। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि यदि बच्चे की रुचि डॉक्टर बनने में है और माता पिता उसको इंजीनियर बनाना चाहता हैं, तो ऐसे में बच्चा कुछ भी नहीं बन पाएगा। उन्होंने कहा कि आज कल बच्चों को हिंदी से ज्यादा अंग्रेजी भाषा सिखाई जाती है, जबकि हमारी राष्ट्र भाषा हिंदी है। उन्होंने बताया कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर द्वारा लिखे गए संविधान में यह लिखा है कि भारत की मातृभाषा हिंदी है, लेकिन माध्यम आंग्रेजी को रखा गया है, जिसको 10 साल में समाप्त कर पूरे देश में हिंदी लागू करने की बात संविधान में लिखी गई है। लेकिन आजादी के 78 सालों बाद भी यह नहीं सका। आज देश में हिंदी को बचाने के लिए राष्ट्रपति को समिति का गठन करना पड़ा। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती दी। साथ ही विद्यालय के डायरेक्टर ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों व सहित मंच पर मौजूद सभीं अतिथियों को मां डिंडेश्वरी की फोटो, स्मृति चिन्ह एवं शाल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर राज्य आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा, जांजगीर के पूर्व विधायक नारायण चंदेल, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, पूर्व जिपंस राजेश्वर भार्गव, भाजयुमो जयराम नगर मंडल अध्यक्ष भास्कर पटेल, मस्तूरी युकां उपाध्यक्ष एवं जनपद सदस्य देवेंद्र कृष्णन, जनपद सदस्य ज्वाला सिंह बंजारे, जनपद सदस्य राकेश शर्मा, पचपेड़ी मिनी माता गुरुद्वारा समिति प्रबंधक चंद्रप्रकाश कुर्रे, भाजपा नेता धरम भार्गव, पूर्व लोहरसी मंडल अध्यक्ष हर नारायण तिवारी, रामनारायण भारद्वाज, मन्नू यादव, भाजपा नेता विज्ञान कांत, ज्योतिष कश्यप, सुरेंद्र रात्रे, मनोज रात्रे, स्कूल प्राचार्य वसुंधरा जायसवाल एवं शुभम शर्मा उपस्थित रहे। स्कूल की प्राचार्य वसुंधरा जायसवाल ने आभार व्यक्त किया एवं मंच संचालन राहुल भारद्वाज ने किया।

## सिख समाज ने मनाया खालसा सजना दिवस



**तखतपुर।** सिख समाज द्वारा खालसा सजना दिवस बड़े हर्षोल्लास एवं श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर सिख समाज द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई, जो गुरु तेग बहादुर वाटिका में विशेष कीर्तन दरबार के रूप में संपन्न हुई।

इस अवसर पर हजूरी रागी जथा सरदार त्रिलोक सिंह एवं गुरचरण सिंह बग्गा द्वारा गुरु जस गायन किया गया एवं खालसा पंथ सजना दिवस पर प्रकाश डाला गया। दोपहर में विशेष दीवान का आयोजन किया गया जिसमें समाज के बच्चे एवं बड़े लोगों द्वारा कीर्तन किया गया। साधना दिवस पर सरदार गुरु चरण सिंह बग्गा ने बताया कि सिख एवं खालसा में अंतर क्या है एवं लोगों को खालसा होने हेतु प्रेरित किया दोपहर में लंगर का आयोजन किया गया इस अवसर पर समाज सहित अन्य हिंदू धर्म और लंबियों द्वारा प्रसाद ग्रहण कर लोगों को बधाई सन्देश दिया गया। रात्रि में भी विशेष दीवान का आयोजन किया गया जिसमें सीनियर एवं जूनियर बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया कविता पाठ एवं गुरु जस गायन कर संगत को निहाल किया।

### अग्निवीर भर्ती हेतु 25 तक किए जा सकेंगे आवेदन

**मुंगेली।** भारतीय सेना में विभिन्न पदों पर अग्निवीर भर्ती हेतु आवेदन 25 अप्रैल तक किया जा सकता है। इच्छुक आवेदक सेना के वेबसाइट का अवलोकन कर सकते हैं। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि सेना में जनरल, तकनीकी, क्लर्क, ट्रेडमेन, महिला सैन्य पुलिस और रेगुलर कैडर भर्ती धर्म गुरू, नर्सिंग सहयोगी और सिपाही फार्मा के पदों पर अग्निवीर की भर्ती की जाएगी। आवेदक को 10वीं या 12वीं पास होना चाहिए।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि बिलासपुर नजूल शीट 16 मोहल्ला मगरपारा चाटापारा प्लाट नं. 59 रकबा 1845 (36X50) वर्गफुट मकान मयहाता ग्राम जूना बिलासपुर जो कि योगेश, कर्मेश, प्रवीण सभी पिता स्व. कन्हैया लाल ठावरे, अलिन्द ठावरे पिता स्व. मुकेश ठावरे एवं अन्य के नाम पर है। उक्त भूमि सत्यम चौक से मगरपारा चौक के बिच मेनरोड पर है।

उक्त भूमि को मेरे द्वारा बयाना राशि देकर पक्का सौदा अनुबन्ध किया गया है। जिसकी रजिस्ट्री/निकट भविष्य में होना तय है।

इस सौदे को लेकर अगर किसी शासकीय/अर्धशासकीय, बैंक निकाय आदि को यदि किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मेरे समक्ष उपस्थित होकर लिखित में मय दस्तावेज सहित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि पश्चात की गई आपत्ति अमान्य होगी। सो सूचना जानें।

भवदीय
कादिर भाभा
के.आर. प्रापर्टिज
बाजपेयी चेम्बर्स
राजेन्द्र नगर, बिलासपुर
मो. 9827896182,
9827955199

## यातायात पुलिस ने ली वाहन चालकों की बैठक

**मुंगेली।** लोडर-पिकअप वाहन आदि में यात्रियों को ले जाते समय दुर्घटनाओं को रोकने हेतु जागरूकता अभियान शुरू किया गया। मुंगेली यातायात पुलिस द्वारा पिकअप, ट्रेक्टर आदि माल वाहक वाहनों के मालिकों की मीटिंग ली गई गया तथा वाहनों में सवारी न ले जाने अपील की गई। साथ ही वाहक मालिकों को सड़क सुरक्षा संबंधी जानकारी प्रदान की गई एवं यातायात नियमों के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया।

सामान्य तौर पर देखने में आता है कि पिकअप, टेक्ट्रर, लोडर आदि मालवाहक वाहनों में यात्रा के कारण हादसों में बड़ी संख्या में लोगों की मौते और घायल होने की खबरें आती हैं। इसको रोकने के लिए पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर संजीव शुक्ला के निर्देशन जागरूकता अभियान



वाहन चालकों की बैठक लेते पुलिस।

चलाया जा रहा है, जिसके परिपालन में 10 अप्रैल को यातायात पुलिस ने पिकअप, ट्रैक्टर, लोडर आदि माल वाहक वाहनों के मालिकों का कृषि उपज मंडी में बैठक ली। बैठक में पिकअप, ट्रैक्टर, लोडर वाहन मालिकों को माल वाहन में सवारी न ले जाने की सख्त हिदायत दी गई। इस अवसर पर लोगों को यातायात के नियमों के प्रति जागरुक किया गया। इसके तहत मुंगेली पुलिस वाहन मालिकों को वाहन हमेशा धीमी गति से चलाने, दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन या अन्य गैजेट का इस्तेमाल ना करने शराब पीकर वाहन ना चलाने, नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने ना देने, सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति का हर संभव मदद करने की अपील की गई। कार्यक्रम में यातायात प्रभारी सहायक उप निरीक्षक यशवंत राजपूत, आरक्षक सीताराम बर्मन, पारसमणी भास्कर, दीप खुंटे, अजीत परिहार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## घर से देर रात गायब हुई बच्ची, मामला दर्ज

**लोरमी।** कोसाबाड़ी गांव में एक सात वर्षीय बच्ची शुक्रवार देर रात के घर से गायब हो गई, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मामले की शिकायत थाने में दर्ज कराई गई, जिसमें परिजन किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बच्ची का अपरहण करने की आशंका जताई है। पुलिस मामला शिकायत पर मामला दर्ज किया एवं एसपी द्वारा टीम गठित कर बच्ची की पतासाजी शुरू की गई।

मिली जानकारी के अनुसार 12 अप्रैल को थाने में एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई कि बीती रात वह अपनी सात साल का बेटी के साथ सो रही थी। रात के 2 बजे अचानक उसकी नींद खुली तो बच्ची गायब थी।

### की जा रही पूछताछ

गायब बच्ची की मां की शिकायत पर थाना लोरमी बीएनएस की धारा 137(2) के तहत अपहरण का मामला दर्ज किया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी भोजराम पटेल के निर्देशन में स्पेशल टीम गठित कर बच्ची पुलिस की खोजबीन में जुटी है। **-मयंक तिवारी**, डीएसपी

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जॉंच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

13 APRIL- BSP-PG-6_Layout 1 4/14/2025 12:40 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### ओटीपी लेकर महिला से 94 हजार की ठगी

**बिलासपुर।** सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, मंगला दीनदयाल कालोनी निवासी श्वेता दुबे अपने टाटा प्ले सेटटाप बाक्स को बंद करना चाहती थी। 15 मार्च को पति के मोबाइल से कंपनी के कस्टमर केयर नंबर निकालकर फोन किया। फोन रिसीव करने वाले ने मोबाइल में आया ओटीपी पूछ लिया। उसके बाद उनके खाते से 94 हजार रुपए दूसरे बैंक खाते में ट्रांसफर हो गया। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है।

### शराबखोरी करते 20 लोग पकड़े गए



**बिलासपुर।** सिविल लाइन पुलिस ने दीनदयाल कालोनी के पास दबिश देकर खुले जगह में शराबखोरी करते हुए 20 लोगों को पकड़ लिया है। छापामार कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। दो दिन पहले पुलिस अधिकारियों ने स्टाप के साथ दीनदयाल कालोनी के पास चौपाल लगाकर लोगों से क्षेत्र में होने वाले अपराधिक गतिविधियों की जानकारी ली थी। इस दौरान कालोनी के लोगों ने आसपास क्षेत्र में खुलेआम शराबखोरी होने की शिकायत की थी। 13 अप्रैल को टीआई श्री साहू ने स्टाप के साथ क्षेत्र में सरप्राइज छापामार कार्रवाई की। इस दौरान पुलिस ने खुले स्थान में बैठकर शराबखोरी करते लगभग 20 लोगों को पकड़ लिया है। पुलिस पकड़े गए लोगों का डाक्टरी मुलाहिजा कराने में लगी हुई है। शराब पीने की पुष्टि होने पर उनके खिलाफ आबकारी अधिनियम 36 च के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### फरार स्थाई वारंटी 18 साल बाद पकड़ा गया

**बिलासपुर।** मारपीट के मामले में फरार स्थाई वारंटी को 18 साल बाद पकड़ने में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। ज्ञात हो कि मोहनलाल धुरी पिता छोटू धुरी उम्र 54 वर्ष मंगला धुरी पारा के विरुद्ध थाना सिविल लाइन में अप क्रमांक 792/06 धारा 294, 506, 323 आईपीसी पंजीबद्ध था तब से फरार चल रहा था। आलम यह है कि इसकी मृत्यु प्रमाण पत्र जारी हो गई है। रविवार को टीआई एसआर साहू ने लोगों कि शिकायत पर दीनदयाल कालोनी में छापा मारा तो शराबखोरी करते 18 साल बाद उक्त वारंटी को आरक्षक पुन्नी खांडे व देवेन्द्र दुबे ने पहचान लिया। पूछताछ में मोहन लाल होना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।



### तेंदूपत्ता बोनस राशि में गबन, प्रबंधक पर जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** रतनपुर वन परिक्षेत्र अधिकारी देव सिंह ठाकुर ने रिपोर्ट लिखाई कि प्रबंध संचालक जिला लघु वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित बिलासपुर वन मण्डल द्वारा सन 2013 में लघु वनोपज सरकारी यूनियन समिति मर्यादित कंचनपुर तत्कालीन प्रबंधक रामचरण विश्वकर्मा के द्वारा तेंदू पत्ता संग्राहकों की बोनस राशि दो किश्तों में 9 लाख 60 हजार 947 रुपए आहरण किया। उसके बाद संग्राहकों को मात्र 1 लाख 789 रुपए वितरण कर शेष राशि 8 लाख 60 हजार 158 रुपए गबन कर दिया गया है। पुलिस ने तत्कालीन प्रबंधक रामचंद विश्वकर्मा के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

**फैक्ट फाइंडिंग कमेटी ने पीसीसी को सौंप दी है जांच रिपोर्ट** — नगरीय निकाय चुनाव के बाद कांग्रेस पार्टी में शुरू हो चुकी है सिर फुटौव्वल

# पीसीसी कार्यालय से ईडी ले गई दस्तावेज, कांग्रेस नेताओं की जांच का मामला टांय-टांय फिस्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेश कांग्रेस कमेटी रायपुर कार्यालय में ईडी ने छापामारी कार्रवाई की थी, छापा के बाद ईडी के अफसर कांग्रेस कार्यालय से बहुत सारे दस्तावेज जब्त कर ले गई है, इनमें वे दस्तावेज भी शामिल हैं, जो कांग्रेस नेताओं की जांच से संबंधित हैं। इसके चलते बिलासपुर के कांग्रेस नेताओं के संबंध में जांच का मामला टांय-टांय फिस्स हो गया है।

उल्लेखनीय है कि नगरीय निकाय चुनाव के बाद कांग्रेस में जमकर सिर फुटौव्वल शुरू हो गई थी, जिला कांग्रेस कमेटी ने काग्रेस नेताओं के खिलाफ लगातार कार्रवाई की, इससे हड़कंप मच गया और शिकायत के बाद इन कार्रवाइयों की जांच करने फैक्ट फाइंडिंग कमेटी बिलासपुर पहुंची थी। कमेटी में शामिल वरिष्ठ कांग्रेस नेता धनेन्द्र साहू, अरूण वोरा व महेन्द्र छाबड़ा के समक्ष कांग्रेस के दोनों अध्यक्ष सहित अभयनारायण राय, त्रिलोक श्रीवास, सीमा पाण्डेय आदि प्रस्तुत हुए। सभी से बंद कमरे में पूछताछ हुई और उनके बयान लिए गए थे। इन दोनों पक्षों के बयान के बाद फैक्ट फाइंडिंग कमेटी गुण-दोष के आधार पर अपनी जांच रिपोर्ट प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौंप दी थी। इस जांच रिपोर्ट में क्या सामने आया है इसका तो खुलासा नहीं हो पाया है।

### यह था निष्कासन का मामला

बिलासपुर जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में विगत दिनों से प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अभयनारायण राय, प्रदेश सचिव त्रिलोक श्रीवास एवं प्रदेश महिला कांग्रेस के महासचिव श्रीमती सीमा पांडेय के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए सभी को 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था। इसके अलावा कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने और उन्हें 6 साल के लिए पार्टी से बाहर करने की अनुशंसा की गई थी। इन सभी के मामले को संज्ञान में लेते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने तीन सदस्यीय कमेटी बनाई थी।

### बंद कमरे में हुई थी कांग्रेस नेताओं से पूछताछ

प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से फैक्ट फाइंडिंग कमेटी में वरिष्ठ कांग्रेस नेता धनेन्द्र साहू के संयोजकत्व में तीन सदस्यीय कमेटी में पूर्व विधायक अरूण वोरा, महेन्द्र छाबड़ा बिलासपुर पहुंचे थे।

शहर व जिला कांग्रेस की ओर से जिन लोगों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई तहत पार्टी से निष्कासित किया गया, उनके संबंध में जांच कमेटी ने कांग्रेस भवन के बंद कमरे में एक-एक लोगों से अलग-अलग पूछताछ कर उनका बयान लिया था। शहर कांग्रेस अध्यक्ष विजय पांडेय एवं जिलाध्यक्ष ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी से बंद कमरे में जांच टीम ने पूछताछ की, जिसमें अध्यक्ष द्वय ने पूरे मामले की अपने तरफ से ब्रीफिंग दी थी। उसके बाद त्रिलोक श्रीवास, अभयनारायण राय, सीमा पांडेय से उनके खिलाफ निष्कासन कार्रवाई मामले में पूछताछ की गई और उनका पक्ष लिया गया। इसी तरह नगरीय निकाय चुनाव में इन लोगों पर भितरघात की शिकायत करने वाले ब्रम्हदेव सिंह ठाकुर, आदेश पाण्डेय आदि से पूछताछ हुई थी। ग्रामीण क्षेत्रों के ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों ने भी बंद कमरे में जांच टीम से मुलाकात की थी।

### प्रदेश कांग्रेस को सौंपी गई है रिपोर्ट

शहर, जिला कांग्रेस कमेटी ने जो कार्रवाइ की थी उसके संबंध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने फैक्ट फाइंडिंग कमेटी बनाई थी। फैक्ट फाइंडिंग कमेटी बिलासपुर जांच करने गई थी और अपनी रिपोर्ट तैयार करके प्रदेश कांग्रेस को सौंप दी थी। प्रदेश कांग्रेस को आगे उस मामले में निर्णय लेना है।

**-धनवेन्द्र साहू**
समन्वयक, कांग्रेस फैक्ट फाईडिंग कमेटी

**हावड़ा के साथ मुम्बई, पुणे, शिरडी, नागपुर की ओर जाने वाली मुख्य ट्रेनों के रद्द होने से यात्री परेशान**

# मेल और दूरंतो में सफर करने लगानी पड़ रही रायपुर तक दौड़

**सुबह की ट्रेन में सफर करने रात में पहुंचना पड़ रहा है यात्रियों को**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसईसीआर के बिलासपुर डिवीजन में रायगढ़ से कोतरलिया स्टेशन के बीच चौथी लाइन का काम होने की वजह से मेल और दूरंतो एक्सप्रेस रायगढ़ से बिलासपुर और बिलासपुर से भाटापारा तक रद्द कर दी गई है। इन दोनों ट्रेनों में सफर करने वाले हजारों यात्रियों को रायपुर स्टेशन तक की दौड़ लगानी पड़ रही है, जिसके कारण उन्हें समय की बरबादी के साथ ही परेशानी भी उठानी पड़ रही है।

रेल अफसरों ने बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच 2100 करोड़ रुपए की लागत से चल रहे 206 किलोमीटर चौथी लाइन के बचे हुए काम करने के लिए 36 ट्रेनों को 11 से 24 अप्रैल तक बंद करने का आदेश जारी कर दिया है। इससे हावड़ा-मुम्बई की सबसे व्यस्त रेल लाइन प्रभावित होने के कारण ट्रेनों के आवागमन पर असर पड़ रहा है। हावड़ा के साथ मुम्बई, पुणे, शिरडी, नागपुर की ओर जाने वाली मुख्य ट्रेनों के रद्द होने के कारण यात्री भी हलाकान होने लगे हैं। इसमें रेलवे ने हावड़ा-पुणे आजाद हिंद एक्सप्रेस, गीतांजली एक्सप्रेस जैसी मुख्य ट्रेनों के पहियों को रोकने के साथ सुबह हावड़ा से बिलासपुर होकर मुम्बई की ओर जाने वाली हावड़ा-मुम्बई मेल और हावड़ा-सीएसएमटी दूरंतो जैसी ट्रेनों के इंजन को डायवर्ट कर दिया है। रेल प्रशासन 24 अप्रैल तक 12810 हावड़ा-मुम्बई मेल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग झारसुगुड़ा-टिटलागढ़, रायपुर होकर, 12809 मुम्बई-हावड़ा मेल एक्सप्रेस रायपुर, टिटलागढ़, झारसुगुड़ा होकर, 12262 हावड़ा-मुंबई दूरंतो एक्सप्रेस झारसुगुड़ा, टिटलागढ़, रायपुर होकर, 13, 15, 16, 17, 20, 22, 23, 24 अप्रैल को 12261 मुंबई-हावड़ा-दूरंतो एक्सप्रेस टिटलागढ़, झारसुगुड़ा होकर चला रही है। इसके कारण दोनों ट्रेनें झारसुगुड़ा से रायगढ़ और रायगढ़ से बिलासपुर, भाटापारा और रायपुर तक रद्द कर दी गई है। इन दोनों ट्रेनों में सफर करने के लिए यात्रियों को झारसुगुड़ा से बिलासपुर और बिलासपुर से रायपुर तक रात में पहुंचना मजबूरी हो गई है।



रेलवे स्टेशन में डिब्बों में घुसने के लिए जद्दोजहद करते यात्री। ट्रेनों के रद्द होने का दिख रहा है असर।



**दूसरी ट्रेनो में बर्थ की मारामारी**

आजादहिंद, गीतांजली के साथ बिलासपुर से रायगढ़ की ओर चलने वाली मेमू ट्रेनों को रद्द करने के साथ झारसुगुड़ा से गोंदिया और गोंदिया से झारसुगुड़ा के बीच चलने वाली जेडी पैसेंजर को भी बिलासपुर स्टेशन में ही रोक दिया जा रहा है। मुख्य ट्रेनों के रद्द होने के कारण वर्तमान में पटरी पर चल रही अहमदाबाद एक्सप्रेस, उत्कल एक्सप्रेस के साथ गेवरा से बिलासपुर होकर अमृतसर जाने वाली छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस जैसी ट्रेनों के स्लीपर कोच में बर्थ की मारामारी हो गई है। रद्द ट्रेनों के यात्रियों की स्लीपर में घुसने की वजह से कंफर्म बर्थ वाले यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ रही है।



**रायगढ़ वाले आ रहे हैं बिलासपुर**

इसी तरह 11 अप्रैल से 5 मई तक 68861/68862 गोंदिया-झारसुगुड़ा और झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच, 9, 10, 12, 14, 15, 16, 17, 19, 21, 22 अप्रैल को 12410 निजामुद्दीन-रायगढ़ गोंड़वाना एक्सप्रेस बिलासपुर से रायगढ़ के बीच और 11, 12, 14, 16, 17, 18, 19, 21, 23 व 24 अप्रैल को 12409 रायगढ़-निजामुद्दीन गोंडवाना एक्सप्रेस रायगढ़ से बिलासपुर के बीच रद्द की गई है। प्रतिदिन सुबह 5 बजकर 55 मिनट पर रायगढ़ से बिलासपुर आने वाली गोंडवाना एक्सप्रेस को रायगढ़ के बजाय बिलासपुर में ही रोका जा रहा है।

**परेशानी मरीजों और छात्रों को**

हावड़ा से बिलासपुर, रायपुर और अन्य स्टेशनों से मुम्बई और हावड़ा की ओर आने-जाने वाली ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ होती है। हावड़ा की ओर जाने वालों में व्यापारियों की संख्या बहुत होती है, तो मुम्बई टाटा मेमोरियल हास्पिटल में बीमारी का उपचार कराने के साथ पुणे में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं छत्तीसगढ़ प्रदेश के कई जिलों से जाते हैं।

# जिपं से एसी आउटर चोरी सात के नट बोल्ट ढीले

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- सभी आउटर चोरी करने का था प्रयास

जिला पंचायत कार्यालय में अध्यक्ष के दफ्तर व सरकारी आवास से लाखों रूपए के सामानों की चोरी का मामला अभी ठंडा भी नहीं हो सका है और चोरों ने सर्वशिक्षा अभियान से एसी का आउटर चोरी कर लिया। मजेदार बात यह है कि चोरों की प्लानिंग यहां लगे आठों आउटर को उड़ाने की थी, लेकिन वे सिर्फ एक आउटर ही चोरी कर सके। चोरी की नीयत से ढीले किए गए शेष सात आउटर के नट-बोल्ट कार्यालय द्वारा ठीक करवाए गए हैं।

चोरों के बीच चोरी के लिए अब शायद जिला पंचायत कार्यालय को सबसे सुरक्षित ठिकाना माना जाने लगा है, ऐसा इसलिए क्योंकि यहां न केवल सामानों की चोरी करने में आसानी होती है, बल्कि विभाग द्वारा नरमी बरतते हुए अज्ञात चोर के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज नहीं करवाई जाती। इससे पहले भी कार्यालय के विभिन्न विभागों में अलग-अलग सामानों की कई बार चोरी हो चुकी है। विभाग द्वारा इनमें से कुछ मामलों में एफआईआर करवाई गई है।

### एसएसए में पहले भी हो चुकी है कंप्यूटर की चोरी

सर्वशिक्षा अभियान के आफिस में चोरी की यह घटना कोई पहली नहीं है। तीन साल पहले भी यहां से एक कंप्यूटर का सीपीयू चोरी हो चुका है। इस आफिस में हमेशा रात में रखवाली के लिए एक चौकीदार की ड्यूटी लगाई जाती है, लेकिन दिक्कत यह है कि चौकीदार के होते हुए भी लगातार चोरी का होना और उसका न पकड़ा जाना समझ से परे हैं।

### एफआईआर दर्ज कराने कहा गया

एसी का आउटर चोरी होने और चोरों द्वारा अन्य सभी आऊटर के नट-बोल्ट ढीले करने की सूचना मिली है। मैंने इसके लिए थाने में विधिवत एफआईआर कराने के निर्देश दिए हैं। अध्यक्ष के दफ्तर और सरकारी आवास से भी कोई गायब नहीं हुआ है। सभी की नियमानुसार लिस्टिंग भी करवा ली गई है।

**-संदीप अग्रवाल,** सीईओ जिला पंचायत बिलासपुर

# 4 गांवों में आबकारी की दबिश, 6 गिरफ्तार



**बिलासपुर।** आबकारी विभाग ने तखतपुर परिक्षेत्र के चार गांव में दबिश देकर अवैध शराब पर कार्रवाई की है। इस दौरान विभाग ने 96 लीटर शराब जप्त की और छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। विभाग ने 450 किलो महुआ लहान जब्त कर 4 अजमानतीय प्रकरण बनाए हैं।

शनिवार को आबकारी विभाग ने घुटकू, जलसो, कछार, लोफंदी क्षेत्र में छापामार कार्रवाई करते हुए अवैध शराब जब्त किया है। इस दौरान शराब बनने और बेचने वालों को पकड़ा गया। 6 प्रकरणों में विभाग ने 6 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। इस दौरान घुटकु निवासी राहुल वर्मा पिता पुनीत राम वर्मा, प्रियंका वर्मा पति रमेश लोनिया, जलसो निवासी राजू गौड़ पिता पिसाऊ गोड़, कछार निवासी विकास पिता स्वर्गीय धनक कुर्रे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। वहीं घुटकू के भगवती वर्मा पति परस राम वर्मा से 17 पाव, जगदीश यादव पिता लखन यादव 15 पाव देशी शराब जब्त की गई है। ग्राम घुटकू में बिहारी वर्मा, शिवरात्रि वर्मा पति राकेश लोनिया, अनीता वर्मा पति गणेश राम लोनिया, मुकेश वर्मा पिता अवध राम लोनिया के घर की तलाशी ली गई है। इसी तरह कोटा पुलिस ने गांव में दबिश देकर अमरिका बाई लहरे पति तेजराम लहरे 45 साल कपसियाकला, छोटू उर्फ राजेश्वर बंजारे पिता धनेश्वर बंजारे 40 साल बिल्लीबंद निवासी को पकड़कर उनके कब्जे से 162 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया है।

# प्रकरण से नाम हटाने मांगा 30 हजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- पामगढ़ थाने का मामला

शहर की एक युवती को मोबाइल में फोन कर कहा पामगढ़ थाना से बोल रहा हूं आपके खिलाफ थाने में अपराध दर्ज हुआ है। प्रकरण से नाम हटाने का 30 हजार रुपए लगेगा, इस पर युवती ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। पुलिस ने मोबाइल धारक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

कोतवाली पुलिस के अनुसार, नारियण कोठी निवासी अन्नू गंधर्व पिता शिवराम गंधर्व 21 साल एमए सेकेंड ईयर की पढ़ाई कर रही है। उनकी नानी सुदामा गंधर्व 8 अप्रैल 2025 को बिना बताए घर से चली गई थी। पतासाजी के दौरान उन्हें 10 अप्रैल को जानकारी मिली उनकी नानी जांजगीर जिला के पामगढ़ क्षेत्र के सेमरिया में रहने वाली अपनी बेटी के घर में है। वह अपनी मां निनी गंधर्व के साथ बड़ी मां सुरजा बाई के घर गई और नानी को साथ चलने कहीं। इस पर बड़ी मां व उसके घरवालों ने विवाद कर मां बेटी के साथ मारपीट कर दी। अन्नू गंधर्व पामगढ़ थाने में शिकायत दर्ज कराकर बिलासपुर घर लौट गईं। अन्नू गंधर्व का कहना है 11 अप्रैल को सुबह 7.13 बजे उनके मोबाइल में अनजान मोबाइल नम्बर से फोन आया और कहा थाना पामगढ़ से पुलिसवाला बोल रहा हूं, एसआई के नीचे पोस्ट में हूं। नाम पूछने पर उसने राहुल यादव बताया। उसने कहा आप लोगों के खिलाफ पामगढ़ थाने में एफआईआर दर्ज है, जिसमें से नाम कटवाना है तो 30 हजार रुपए लगेगा और 8 बजे तक देना होगा, नहीं तो कोर्ट कचहरी में पेश करना पड़ेगा। अन्नू बोली इतना पैसा नहीं है, 10 हजार दे पाएगी तो उसने कहा कम से कम 15 हजार देना पड़ेगा। उसके बाद उनकी बड़ी मां केजा बाई के मोबाइल नम्बर से फोन कर पैसा मांगा गया।

अन्नू ने रिकार्डिंग अपने परिचित को भेजकर पता लगाया तो जानकारी मिली कि राहुल यादव नामक कोई भी पुलिसकर्मी पामगढ़ थाने में नहीं है। पुलिस ने अन्नू गंधर्व की रिपोर्ट पर अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ बीएनएस की धारा 308, 3, 318, 4, 62 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# युवकों ने पिता पुत्र पर चाकू से किया हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- गाली देने मना करने पर हुआ विवाद

घर के सामने गाली देने से मना करने पर युवकों ने पिता पुत्र के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर जख्मी कर दिया है। चाकूबाजी की वारदात से हड़कंप मच गया। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, गणेशनगर नयापारा निवासी किशनलाल नवरंग बुधवारी बाजार में झाड़ू का दुकान चलाते हैं। 12 अप्रैल को रात 9.30 बजे उनके घर के सामने सावन साव उर्फ फुल्टूश और साजन साव गाली गलौज कर रहे थे। उनका बेटा करन नवरंग घर से बाहर निकलकर उन्हें गाली देने से मना किया।

इस पर दोनों युवकों ने मना करने आया है कहकर जान से मारने की धमकी देते हुए चाकू से हमला कर दिया।

किशनलाल बीच बचाव करने गए तो युवकों ने उनके साथ भी मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया है। पुलिस ने किशनलाल की रिपोर्ट पर दोनों हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# समिति की मांग, एयरपोर्ट के लिए ननि करे प्रस्ताव पास

- महापौर, सभापति व पार्षदों से की गई अपील

**बिलासपुर।** बिलासा देवी केवट एयरपोर्ट के विकास और विस्तार के लिए हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने नगर निगम के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों से एयरपोर्ट निर्माण के समर्थन में प्रस्ताव पास करने की अपील की है। जनप्रतिनिधि प्रस्ताव पास कर इसे केंद्र और राज्य सरकार को भी भेजे, जिससे सर्वसुविधा युक्त एयरपोर्ट बनने का सपना साकार हो सके।

समिति का प्रतिनिधिमंडल इसे लेकर महापौर पूजा विधानी से मिलकर आग्रह कर चुके हैं। समिति ने नगर निगम की नई सामान्य सभा को प्रस्ताव पास कर केंद्र और राज्य सरकार को भेजना चाहिए। छत्तीसगढ़ राज्य का हाईकोर्ट, एसईसीआर जोनल मुख्यालय और सबसे अधिक कमाई देने वाली कोयला कंपनी दक्षिण पूर्व कोयला प्रक्षेत्र का मुख्यालय भी है। एनटीपीसी के अलावा कई पावर प्लांट बिलासपुर से 100 किलोमीटर के घेरे में हैं। बिलासपुर में केंद्रीय विश्वविद्यालय भी है। यातायात की दृष्टि से उत्तर छत्तीसगढ़ के 14 जिलों के लिए बिलासपुर सबसे नजदीकी एयरपोर्ट है। यही नहीं मध्य प्रदेश के डिंडोरी अनूपपुर जैसे जिलों के लिए भी यह सबसे नजदीकी एयरपोर्ट है। वर्तमान में यहां 1500 मीटर का रनवे है, जिससे की बोइंग और एयरबस जैसे बड़े विमान नहीं उतर सकते। बिलासपुर एयरपोर्ट को बड़े विमान के लिए उपयुक्त बनाने हेतु रनवे विस्तार और बड़े टर्मिनल भवन की आवश्यकता है। तकनीकी भाषा में बिलासपुर में 4सी एयरपोर्ट बनाए जाने की आवश्यकता है, जहां नाइट लैंडिंग की भी सुविधा हो। रनवे विस्तार के लिए भारतीय रक्षा मंत्रालय की खाली पड़ी हुई है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति का महा धरना आज भी जारी रहा, जिसमें पूर्व महापौर रामशरण यादव, बद्री यादव, रवि बनर्जी, मनोज तिवारी, विजय वर्मा, समीर अहमद बबला, रवि खत्री, मोहन जायसवाल, देवेंद्र सिंह ठाकुर, महेश दुबे टाटा, अनिल गुलहरे, राकेश शर्मा, रंजीत सिंह खनूजा, संदीप करिहार, चंद्र प्रकाश जायसवाल, संतोष पीपलवा, स्वर्णा शुक्ला, गोपाल दुबे, गौरव अरी, आशुतोष शर्मा, अखिल अली, मोहसिन अली और सुदीप श्रीवास्तव शामिल थे।



online Booking:-www.tripuryatra.com

Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour

23 मई, 06 जून, 25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025 (12 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

नेपाल विदेश यात्रा

पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी

नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।

राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411